# जनता कालेज एवं टैली एजूकेशन के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज में अध्ययनरत स्नातक/परास्नातक कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं बहुकौशल प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में वाणिज्य संकाय के प्रभारी डा. योगेश शुक्ल के विशेष प्रयासों से 'उद्योग अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास तथा सेवायोजन प्रकोष्ठ' के सहयोग से टैली एजूकेशन प्रालि बेंगलुरु के मध्य एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) हस्ताक्षरित किया गया।

प्राचार्य ने बताया कि एमओयू होने से कालेज के वाणिज्य संकाय के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग टैली साफ्टवेयर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इटावा शाखा एसवीआइआइटी के निदेशक अत्रि दीक्षित ने बताया कि टैली साफ्टवेयर का प्रशिक्षण महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए उनके सेवायोजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है।

भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 में भी इस तरह के व्यवसायिक प्रशिक्षणों का उल्लेख किया गया है। कालेज के पंजीकृत छात्रों को यह प्रशिक्षण रियायती शुल्क पर उपलब्ध होगा।

# गो आधारित प्राकृतिक खेती करें किसान

बकेवर। कृषि विभाग की ओर से जनता कॉलेज में गो आधारित प्राकृतिक खेती एवं फसल प्रबंधन को लेकर गोष्ठी और किसान मेला का आयोजन किया। उनिदेशक कृषि ने जल, जमीन और वातावरण को सही और सुरक्षित रखने पर जोर दिया।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने गो आधारित प्राकृतिक कृषि के महत्व का जिक्र किया। उपनिदेशक कृषि आरएन सिंह ने कीटनाशकों के कम प्रयोग पर जोर दिया। गोमूत्र, गोबर इत्यादि का खेती में इस्तेमाल पर जोर दिया।

## किसान मेले में कृषि विशेषज्ञों ने किया प्रेरित

उन्होंने कहा कि पोषक तत्व प्रबंधन, कीट प्रबंधन रोग प्रबंधन, मृदा प्रबंधन, फसल सुरक्षा उपाय अपनाकर किसान दोगुना उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। डॉ.मनोज यादव ने बीज के संशोधन के बारे में बताया। डॉ.आदित्य कुमार ने पशुपालन एवं पशु रोग प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। डॉ. आशीष त्रिपाठी ने कृषि में सांपों के महत्व की जानकारी दी।

उद्यानिकी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. एमपी यादव, जितेंद्र, डॉ. मनोज यादव डॉ. डीएन सिंह, डॉ.पीके राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. डीजे.मिश्रा, डॉ.संजय विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

लोक भारती

# प्राकृतिक खेती एवं फसल प्रबंधन को लेकर अयोजित हुई गोष्ठी

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

बकेवर, लखना। कृषि विभाग के द्वारा जनता कालेज में गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं फसल प्रबंधन संगोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन हुआ।

कॉलेज के प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए जैविक खेती के बारे में बताते हुए अपने प्राचीन इतिहास में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि के महत्व का जिक्र किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग इटावा के कृषि उपनिदेशक आर.एन सिंह ने कीटनाशकों के कम प्रयोग पर जोर दिया। गौ के उत्पाद जैसे गौ मूत्र, गोबर इत्यादि पर बल दिया। गोबर से बनने वाले उत्पाद ्रह्यूमस मिट्टी बचाए देश बचाएं्र पर विशेष ध्यान दिया दिया तथा

कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं तथा उसके लाभ के बारे में ज्ञानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में डा.एम.पी सिंह ने समन्वित फसल प्रबंधन के अंतर्गत प्रत्येक जीव पर्यावरण एवं भूमि को सुरक्षित रखने के महत्व को बताया कि समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन, कीट प्रबंधन रोग प्रबंधन, मृदा प्रबंधन, फसल सुरक्षा उपाय अपनाकर किसान दोगुना उत्पाद प्रा कर सकते हैं। समन्वित फसल प्र धन के अंतर्गत यदि किसान र ायनों का प्रयोग कम कर जैव उत्पा ों पर आधारित प्राकृतिक खेती करने के तरीके अपनाएंगे तो सबकुछ सुरक्षित रहेगा और उत्पादन भी बढ़ेगा । उन्होंने भी यह बताया कि खरपतवार प्रबंधन में किसान अत्यधिक खतरनाक रसायनों का प्रयोग करते हैं यदि उसके स्थान पर फसल चक्र डबल प्लेवा विधि आदि शस्य विधियां अपनाकर सुरक्षित उत्पादन ले सकते हैं।



संगोष्ठी में मौजूद लोग

डा.मनोज यादव ने बीज के संशोधन के बारे में बताया। सांपों का महत्व बताया डॉ.आदित्य कुमार ने पशुपालन एवं पशु रोग प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ.आशीष त्रिपाठी ने कृषि में सांपों के महत्व को विस्तार रूप से प्रस्तुत किया। उद्यानिकी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ एम पी यादव ने मौसमी फलों एवं सब्जियों की जैविक विधि से करने की के तरीके बताएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंबल वैली फार्म प्राइवेट कंपनी लिमिटेड चकरनगर के मुख्य प्रभारी जितेंद्र ने अपना स्टाल लगाकर आए हुए किसानों को खाद एवं दवा के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के पादप रोग विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा बायो टेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त स्टॉल में मशरूम की खेती, मिट्टी परीक्षण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत किसानों को शत-शत विज्ञान के प्रदर्शनों पर क्षेत्र में भ्रमण कराकर गेहूं के विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मनोज यादव ने किया। इस मौके पर कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.एन.सिंह, डॉ.पी.के राजपूत, डॉ.धर्मेंद्र कुमार, डॉ.संजीव कुमार, डॉ.डी.जे.मिश्रा, डॉ.संजय विश्वकर्मा, लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, डॉ.अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ.गोपीनाथ मौर्य, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ.आनंद सिंह, डॉ.संतोष चंदेल आदि सहित इटावा जनपद के किसान, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं रावे के छात्र उपस्थित रहे।

## ...लेकर हुई मारपीट, दो घायल

लिए प्रेरित
य निरीक्षक

आयेगी और अधिक-से अधिक घायलों को जान बचाई जा सके।

कुमार, देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण

इटावा। शासन के निर्देशों के क्रम में सोमवार को नोडल अधिकारी अमित कुमार सिंह, विशेष सचिव नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के द्वारा वृहद गौशाला परौली रमायन व कान्हा गौशाला शहर इटावा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उनके साथ जिलाधिकारी अवनीश राय, एडीएम जयप्रकाश, सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या भी मौजूद रही।

हार

गया गया था।
के संचालक
रा लापरवाही
व वधू की मौत
गाते हुए कहा
स्टाफ की
मौत हुई है।

ालू



## सड़क सुरक्षा रैली का किया आयोजन

बकेवर,लखना। जनता कॉलेज बकेवर इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में फ्रसड़क सुरक्षा माहफ्रकार्यक्रम के अंतर्गत फ्रसड़क सुरक्षा जागरूकता रैलीफ्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर एम पी यादव ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा रैली को रवाना किया। सड़क सुरक्षा रैली कॉलेज के गेट नंबर 1 से होते हुए बकेवर कस्बे में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता संदेश देते हुए बकेवर चौराहे से लेकर बकेवर थाना गेट तक आयोजित की गई। लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं सावधानियों के बारे में सभी छात्रों को विस्तृत में बताया। इस मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डीएन सिंह, डॉ पीके राजपूत, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ एमपी सिंह, डॉ-धर्मेंद्र, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्या,डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह, जय वीर, मनोज रावत, मनोज दीक्षित, आकाश चौधरी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट उपस्थित रहे।

है बाली में दाना
उस सरसों की
कसानदायक हो
पाला पड़ने का
पत्ती पर पड़ेगा
पत्ती सिकुड़ कर
इसमें दाना भी नहीं
ि सरसों की मात्रा
जाएगा जिसका
असर पड़ेगा।

## 21 और 22 जनवरी को मेमो पैसेंजर ट्रेन रद रहेगी

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

भरथना,इटावा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये रेलवे कर्मचारी ने ... इटावा व इटावा -कानपुर मेमो पैसेजर ट्रेन व.04161-62 इटावा - टूंडला व टूंडला इटावा मेमो पैसेंजर ट्रेन रद रहेगी। जिसकी विधिवत

सभी संबंधित अधिकारि
कि वह कार्यक्रमो को वि
आकर्षक ढंग से सम्पन्न
25 जनवरी की रात्रि
भवनों, स्वतन्त्रता संग्राम
ऐतिहासिक इमारतों को
किया जाये। गणतंत्र दिव
जनवरी को शहर में मह
स्थापित मूर्तियो, पार्कों,
स्थलो, मार्गों सड़को आदि
व्यवस्था अधिषासी अधि
पालिका इटावा, भर्थना,

## जी-20 की

## मोदी जी प

भाजपा महिला
रंगोली बनाकर
को दर्शाया

इटावा। देश के प्रध
मोदी के जी-20 अध
जिम्मेदारी मिलने पर
तालाब पर जी-20 रंग
को संबोधित करते
विधायक सरिता भदौ
की भारत देश है
देशवासियों का वि
अनोखे संगम का
क्षेत्र में विश्व का उ
भारत, दुनिया का
लोकतंत्र है भारत, दु
प्राचीन सभ्यताओं
भारत,विश्व की पांच
अर्थव्यवस्था के रूप
अध्यक्षता पाकर भा
उन्होंने कहा कि
नए युग में प्रवेश क
की हर चुनौती पर
लिए ...

की गई। तदुपरान्त टीम के सदस्यों की ओर से नाटक प्रस्तुत किया गया। हेलमेट और सीट बेल्ट से दुर्घटना में होने वाले जोखिम से बचने की

साथ यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। वहीं हेलमेट पहनकर निकलने वाले वाहन चालकों को गिफ्ट


यादव, राजीव आदि कर्मचारियों ने पूरी व्य दिया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

बकेवंर, लखना। जनता कॉलेज बकेवर इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घर से निकलने के पूर्व अपने आपको तथा वाहन का निरीक्षण कर लें जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान ध्यान में रखें कि दो पहिया वाहन से जाए तो हेलमेट का प्रयोग जरूर करें एवं चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। इसके साथ ही सड़क पर दर्शाए गए यातायात सुरक्षा के संकेतों का पालन करें एवं दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में डॉ गोपीनाथ मौर्य ने सड़क सुरक्षा के नियमों के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस और इंश्योरेंस की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में



सडक सुरक्षा को लेकर गोष्ठी में शामिल लोग

काव्य के माध्यम से शुभी भदौरिया, दुष्यंत कुमार, दुर्गा देवी, पलक तोमर, आशीष भदौरिया आदि ने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं सावधानियों के बारे में सभी छात्रों को विस्तृत में बताया। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ ललित गुप्ता, डॉ आदित्य कुमार डॉ इंदु बाला मिश्रा, आकाश चौधरी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पु अधीक्षक थाना का किया

लोकभारत

इटावा। अधीक्षक ने औचक निरी को निर्देशित

वरिष्ठ पु संजय कुमा थाना का किया। निरि थानाध्यक्ष कार्यालय, कक्ष, महि पुलिस अ आवास, अन्य आ का निरीक्ष थाना प्रभारी बारे में जा त्वरित अभिलेखों रखरखाव की साफ सौंदर्यीकरण निर्देशित कि

## प्रधान समर्थक ने घर में घुसकर गाली व मारपीट का लगाया आरोप

बिधूना औरैया। कोतवाली क्षेत्र के गांव

# पुलिस ने बम्बा से ब किया अज्ञात शव

# बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं

## सड़क सुरक्षा पर हुई जागरूकता गोष्ठी, एनसीसी कैडेट्स ने दी सीख

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज के एनएसएस और एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें बाइक चालकों से कहा कि हेलमेट जरूर लगाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि घर से चलते समय वाहन को चेक कर लेना चाहिए। ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

कार में सीट बेल्ट लगाना न भूलें। यह सब खुद की सुरक्षा के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ गोपीनाथ मौर्य ने सड़क सुरक्षा के नियमों के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस और इंश्योरेंस की उपयोगिता के बारे में बताया। इस दौरान शुभी भदौरिया, सुमित कुमार, दुर्गा देवी, पलक तोमर, आलोक भदौरिया आदि ने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विचार प्रस्तुत किए।

लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज पाठक ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं सावधानियों के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया।

इस मौके पर कालेज के प्राध्यापक डॉ [illegible], [illegible] गुप्ता, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ [illegible] मिश्रा, [illegible] चौधरी, [illegible] राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक

इटावा। सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को भी जागरूकता [illegible] चलाया गया। शहर में एनसीसी कैडेट्स ने वाहन चालकों को [illegible] नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं परिवहन और पुलिस के अधिकारियों ने मदर डेयरी में जाकर कर्मचारियों को हादसे से बचने के तरीके बताए। एआरटीओ सुरेश यादव ने कहा कि दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों में रिफ्लेक्टर जरूर लगवाएं। इस मौके पर [illegible], यातायात निरीक्षक राजकुमार शर्मा, सूबेदार [illegible], सूबेदार गुरमीत कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं को किया गया प्रशिक्षित



महिला को प्रमाण पत्र देते

सैफई,इटावा। सैफई में स्थित पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केन्द्र पर स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के लिए तीन दिवसीय मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे नाबार्ड डीडीएम चंदन कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार के दैनिक खर्चों के लिए स्वरोजगार स्थापित करें तथा आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लें। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत उन्हें अनुदान सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। सैफई में पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र पर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब पुरुषों से कम नहीं हैं वे पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिला कर चल रही हैं और सरकार भी आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर रही है। महिलाओं को वित्तीय साक्षर होना जरूरी है ताकि परिवार के आय व्यय का सही से हिसाब किताब रख सकें। इस प्रशिक्षण के प्रथम दिवस डीडी कृषि आर एन सिंह व द्वितीय दिवस एनआरएलएम के उपायुक्त बृज मोहन अंबेड ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारियां देते हुए महिलाओं को जागरूक किया था। अंतिम दिवस पंजाब नेशनल बैंक किसान प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक धनंजय सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने खाली समय का उपयोग करते हुए कुटीर उद्योगों की स्थापना करनी चाहिए। केन्द्र पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित कराने में मदद कराई जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में सरकार की स्वयं सहायता समूह परियोजना बेहद लाभप्रद है और गरीब महिलाएं भी छोटी-छोटी आर्थिक बचतों के माध्यम से अपने लघु स्वरोजगार स्थापित करते हुए अपनी पहचान बना रहीं हैं। नाबार्ड डीडीएम चंदन कुमार व केन्द्र निदेशक धनंजय सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण हासिल करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने किया तथा अटल वेलफेयर सोसाइटी के सुमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# कोहरे के बाद पाला पड़ना हुआ शुरू

बकेवर,लखुना। कोहरे के बाद अब पाला पड़ना शुरू हो गया है। इसकी वजह से किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। पाला पड़ने से मटर, टमाटर, आलू आदि सब्जियों की फसल प्रभावित हो रही है। कई दिनों से सुबह शाम ठंड का प्रकोप जारी है। पाला पड़ने से सब्जियां खराब होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि ठंड जैसे-जैसे बढ़ रही है, सब्जियों की फसल को भी नुकसान हो रहा है।

इस ठंड में सब्जियों की फसल बचाना काफी मुश्किल हो गया है। बुधवार को सुबह के समय सब्जियों की फसल पर पाला जमा हुआ नजर आया। इससे आलू, मटर, टमाटर सहित अन्य फसलें प्रभावित हो रहीं हैं। ऐसे में फसल खराब होने के कारण किसानों के चेहरे पर चिंता दिखाई दे रही है।




कृषि विशेषज्ञ डॉ एमपी सिंह

इस मौसम में सब्जियां खराब होने के बाद मंडियों में सब्जी के दाम बढ़ सकते हैं। सबसे अधिक संकट आलू की फसल पर है। आलू की फसल खेतों में खड़ी है। पाला पड़ने से पिछेती आलू की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। बीच में ही बेल जल जाने से आलू का विकास रुक जाएगा और उत्पादन प्रभावित होगा। वहीं, अगेती बुवाई वाले आलू में भी पाला पड़ने से झुलसा रोग शुरू होने की आशंका है। इससे आलू का उत्पादन प्रभावित होगी। इसके साथ ही सरसों की फसल में अल्टरनेरिया रोग और माहू कीट का भी खतरा बना हुआ है। इसके चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। फसलों के साथ-साथ पाला पड़ने से गलन का अहसास लोगों को अधिक हुआ। बुधवार को सुबह पाला पड़ने के चलते धूप में भी लोगों को गलन से राहत नहीं मिल सकी। घरों से बाहर निकले लोगों को बीच-बीच में रुकना पड़ा। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर कृषि विशेषज्ञ डॉ एमपी सिंह ने बताया कि आलू में झुलसा रोग नजर आने पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। इसके लिए मैंकोजेब 75 प्रतिशत दो किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में मिलाकर स्प्रे करें। वहीं, सरसों में माहू कीट के प्रबंधन के लिए एजाडिरेक्टिन 0.15 प्रतिशत की 2.5 लीटर मात्रा छह सौ से सात सौ लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

# रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। एनएसएस सदस्यों और कैडेट्स ने मतदान के लिए सभी को जागरूक किया।

जन जागरूकता रैली का शुभारंभ कॉलेज के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. एके पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

छात्रों ने 'मैं मतदान करूंगा', 'पहले मतदान -फिर कोई काम', 'मतदान करना जरूरी है यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है', 'लोकतंत्र का भाग्य विधाता-होता है जागरूक मतदाता', 'लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, वोट डालने

## एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स ने दिया संदेश

जाना है अपना फर्ज निभाना है' नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

कॉलेज के गेट नंबर 2 से शुरू हुई कस्बा होते हुए कॉलेज के थाना गेट पर संपन्न हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव एवं लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का संयोजन किया।

इस मौके पर डॉ. एमपी यादव, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, रतना शुक्ला, मीनू त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

सा में भाग लिया और शपथ भी ली।

# मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

बकेवर,लखना। जनता कॉलेज बकेवर, इटावा, में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में किया गया। जन जागरूकता रैली का शुभारंभ कालेज के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ ए.के .पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्रों के अपने उद्बोधन में मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत लोकतांत्रिक अधिकार के प्रयोग के लिए कस्बे के जन में अपनी बात रखते हुए कहा कि आप लोग 100 प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लें। छात्रों के उद्बोधन में 'मैं मतदान करूंगा', 'पहले मतदान -फिर कोई काम', 'मतदान करना जरूरी है यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है', लोकतंत्र का भाग्य विधाता- होता है जागरूक मतदाता, लोकतंत्र का यह आधार वोट ना हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, आदि से जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. एम पी सिंह, डॉ एम पी यादव ,डॉ डी एन सिंह, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ डी.जे. मिश्रा, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ धर्मेंद्र कुमार, रतना शुक्ला, मीनू त्रिपाठी, श्री गजेंद्र सिंह, तथा स्वयंसेवक सुभाष, अनूप, संदीप, अमन यादव, योगेश राठौर, आरती, भारती, श्रेयस पाठक, सुरजीत कुशवाहा, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

खेती-किसानी

खेती करके किसान कमा सकते हैं अच्छा मुनाफा

# ग्लेडियोलस फूल की खेती पर एमएससी के छात्र कर रहे शोध

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के एमएससी हॉर्टिकल्चर के छात्र ग्लेडियोलस फूल की खेती की ऑर्गेनिक खादों के प्रयोग से करने पर शोध कर रहे हैं। कॉलेज के उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष व विश्वविद्यालय टीम की ओर से डॉ. अशोक कुमार पांडे छात्र-छात्राओं को रिसर्च करा रहे हैं।



बकवेर में ग्लेडियोलस फूल की खेती पर रिसर्च करते छात्र। संवाद

उन्होंने बताया कि ग्लेडियोलस फूल की खेती करके किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। ग्लेडियोलस का फूल खिली स्पाइक गुलदस्ता व सजावट के काम आता है। एक हेक्टेयर खेती में किसान पांच से साढ़े सात लाख रुपये तक की फसल में मुनाफा ले सकते हैं। एक हेक्टेयर में इसके एक लाख तक पौधे निकलते हैं। एक स्पाइक( डंडी)पांच से दस रुपये तक में बिकती है। इसका बीज एक बार खरीदना पड़ता है। जनवरी व फरवरी में इसमें फूल आने लगते हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम

बकेवर। जनता कॉलेज में गुरुवार को उत्तर प्रदेश ग्लोबल समिट को लेकर भाषण प्रतियोगिता हुई। वाणिज्य संकाय की ओर से भारतीय संस्कृति और नई जीवन शैली विषय पर हुई प्रतियोगिता में आकांक्षा शर्मा पहले स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक गोपीनाथ मौर्य ने बताया कि प्रथम चरण की प्रतियोगिता जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास के साथ जुड़ाव विषय पर हुई थी। इसमें चयनीत प्रतिभागियों को दूसरे चरण की भाषण प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया। प्रतिभागियों को भाषण के लिए तीन मिनट का समय निर्धारित था। (संवाद)

प्रशिक्षण

छत्ते से शहद निकालने का तरीका बताया

# छात्रों को दी मधुमक्खी पालन की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। कृषि स्नातक पंचम सेमेस्टर के छात्रों को मधुमक्खी पालन की जानकारी दी गई। उन्हें छत्ते से शहद निकालने का तरीका बताया गया।

जनता कॉलेज बकेवर के कृषि स्नातक पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्रा चकरनगर क्षेत्र के बीहड़ी गांव प्रतापपुरा पिपरौली गढ़िया में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण ले रहे हैं। बिहार के मुज्फ्फरनगर निवासी मधुमक्खी पालक-सुनील कुमार ने बताया कि एक बॉक्स में नौ फ्रेम लगाए जाते हैं।

प्रत्येक बॉक्स में एक रानी मक्खी, 100-200 नर (ड्रोन) तथा हजारों श्रमिक मक्खियां होती हैं। श्रमिक मक्खियों का कार्य शहद एकत्र करना, छत्ते की देखभाल करना, रानी व बच्चों के भोजन की व्यवस्था करना होता है।



जनता कॉलेज के कृषि स्नातक पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण। संवाद

उन्होंने छात्रों को मधुमक्खी बॉक्स को खोलकर रानी मक्खी व नर मक्खी में अंतर बताया। छत्ते से शहद निकालने की विधि बताई। बताया कि सरसों की फसल के आसपास यदि मधुमक्खी पालन किया जाता है तो सरसों की पैदावार अत्यधिक बढ़ जाती है।

सरसों की फलियों में अच्छे स्वस्थ दानों का निर्माण होता है। कीट विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. डी एन सिंह, कॉलेज की प्रशिक्षण टीम के अन्य सदस्य डॉ. एमपी यादव व डॉ. पीके राजपूत मौजूद रहे।

# विवि ने जारी किया प्रश्नपत्रों का प्रारूप

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) प्रशासन ने वार्षिक प्रणाली से संचालित स्नातक के तृतीय वर्ष और परास्नातक के द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम की परीक्षा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द परीक्षा हो और परिणाम समय पर आ जाए, इसके लिए विवि ने प्रश्नपत्रों के प्रारूप में बदलाव किया है। कुछ विषयों में सब्जेक्टिव तो कुछ में सब्जेक्टिव और ऑब्जेक्टिव दोनों पेपर होंगे।

छात्रों की सुविधा के लिए विवि प्रशासन परीक्षा से पहले ही विषय व पेपरवार पैटर्न जारी कर देता है। इस साल होने वाली वार्षिक परीक्षा का पैटर्न भी विवि ने जारी कर दिया है। इस वर्ष कला संकाय के कई विषयों में सिर्फ सब्जेक्टिव माध्यम से ही परीक्षाएं होंगी। हालांकि विज्ञान संकाय के सभी विषयों के छात्रों को एक पेपर बहुविकल्पीय माध्यम से देना होगा।

छात्रों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जंतु विज्ञान व वनस्पति विज्ञान में दो पेपर सब्जेक्टिव और एक पेपर ऑब्जेक्टिव माध्यम से देना होगा। कला संकाय के सभी छात्रों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। कई विषयो के छात्रों को तीनों प्रश्नपत्र सब्जेक्टिव माध्यम से देना होगा।

# अधिक तापमान खाद्यान्न उत्पादन पर डालेगा असर

जासं, इटावा : तापमान अधिक बढ़ता है, तो खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होगा। इससे रबी की फसलों पर प्रभाव पड़ेगा। यह बात जनता कालेज बकेवर के शस्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. एमपी सिंह ने कही है।



डा. एमपी सिंह ● स्वयं

उन्होंने बताया कि रबी खाद्यान्न फसलें जैसे गेहूं, जौ, जई आदि के वृद्धि एवं विकास के लिए निर्धारित तापक्रम 18 से 22 डिग्री सेंटीग्रेड है। पुष्पावस्था एवं दुग्धावस्था के लिए 20 से 22 डिग्री सेंटीग्रेड तापक्रम उपयुक्त होता है, समय से बोई गई गेहूं की फसल फरवरी माह में पुष्पावस्था या दुग्धावस्था में होती है। देर से बोई जाने वाली गेहूं की फसल में लेट जौंटिंग यानी गांठ बनने की अवस्था होती है। गेहूं की फसल का वृद्धि काल होता है। इस समय फरवरी माह में तापक्रम आवश्यकता से अधिक 30 से 32 डिग्री सेंटीग्रेड है, यानी रात दिन का औसतन तापमान 20 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक तापमान उपयुक्त नहीं है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता से अधिक तापक्रम खाद्यान्न फसलों जैसे कि गेहूं और जौ की वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करता है तथा पुष्पावस्था व दुग्धावस्था में तापक्रम अधिक रहने पर फसल शीघ्र पक जाती है, दाना सिकुड़ कर छोटा रह जाता है अंततः उपज घटकर कम हो जाती है।

**प्रभाव कम करने के लिए क्या करें :** गेहूं की जिस फसल का वृद्धि काल है, उस पर मल्टी न्यूट्रिएंट्स व यूरिया के घोल का .02 प्रतिशात का छिड़काव करें। जो फसल दुग्धावस्था में है उस पर भी यूरिया का परणीय छिड़काव करने के साथ-साथ फरवरी में तापक्रम बढ़ने पर 20 दिन के स्थान पर 15 दिन के अंतराल पर सिंचाई करनी चाहिए।

# वकालत की परीक्षा में नकलची पकड़ा

## हाथ पर धाराएं लिखकर लाया था परीक्षार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में हो रही वकालत की परीक्षा में सोमवार को नकलची पकड़ा गया। वह हाथ पर धाराएं लिखकर लाया था। विवि प्रबंधन ने उसकी रिपोर्ट छत्रपति साहूजी महाराज विवि में भेज दी है।

कस्बे के जनता डिग्री कॉलेज में जिले के एक डिग्री कॉलेज का के परीक्षार्थियों का सेंटर है। सोमवार शाम की पाली में छठवें सेमेस्टर की परीक्षा चल रही थी। इस दौरान कॉलेज के आंतरिक उड़नदस्ते ने चेकिंग के दौरान एक छात्र को नकल करते पकड़ लिया। वह हाथ पर धाराएं लिखकर आया था। उसके हाथ की फोटो खींचकर विश्वविद्यालय को भेज दी गई है। उसकी कॉपी भी सील कर दी गई है। शनिवार को दो परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए थे। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को पकड़े गए परीक्षार्थी के संबंध में विवि के परीक्षा नियंत्रक को सूचना दे दी गई है।

## जसवंतनगर में रोजगार मेला आज

इटावा। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 28 फरवरी को जसवंतनगर ब्लॉक में सुबह 10 बजे से रोजगार मेला आयोजित होगा। इसमें स्नातक पास व कंप्यूटर योग्यता वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन कुमार ने दी है। (संवाद)

# अब डिग्री कॉलेजों में भी बायोमीट्रिक हाजिरी

## बदलाव

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में सोमवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष किए जाने के मुद्दे पर कोई फैसला नहीं हुआ।

बैठक में राजकीय व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में भी शिक्षकों व कर्मचारियों की बायोमीट्रिक हाजिरी का प्रावधान किए जाने तथा लखनऊ में निदेशक उच्च शिक्षा का कैम्प कार्यालय खोलने का फैसला किया गया।

### नकल रोकने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल होगा

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार नकल विहीन परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फैसला किया गया है कि परीक्षाओं की निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल होगा। परीक्षाएं समय से कराने और परीक्षाफल घोषित करने पर भी जोर दिया गया। उच्च शिक्षा मंत्री ने नई शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर देते हुए ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभाग को आईटी सेल गठित करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभागीय कार्यों में और तेजी लाने के लिए निदेशक उच्च शिक्षा का कैम्प कार्यालय लखनऊ में भी खोलने का फैसला किया गया है। इस कार्यालय के लिए संयुक्त निदेशक का एक पद भी सृजित किया जाएगा। पश्चिमी यूपी के महाविद्यालयों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए निकट भविष्य में आगरा में भी एक संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी का कार्यालय खोला जाएगा।

# विपिन और सोनी बने चैंपियन

## जनता कॉलेज बकेवर में हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी



वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में दौड़ में प्रतिभाग करते छात्र। संवाद

बकेवर। जनता कॉलेज में शनिवार को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विपिन कुमार और सोनी चैंपियन बने।

प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व चैंपियन छात्रा शुभी भदौरिया ने किया। छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में सोनी प्रथम, आकांक्षा द्वितीय व अर्चना तृतीय स्थान पर रहीं। छात्रों में प्रवेश यादव प्रथम, दीपक सिंह द्वितीय व कपिल वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर रेस में कीर्ति प्रथम, दीक्षा द्वितीय व मोनिका तृतीय रहीं। बालकों में विपिन प्रथम, नितिन द्वितीय, मो.जीशान तृतीय रहे।

लंबी कूद में नितिन प्रथम, दीपक सिंह द्वितीय व शिवा कुमार तृतीय रहे। छात्राओं में सोनी प्रथम, कीर्ति द्वितीय व तनु दुबे तृतीय रहीं। भाला फेंक में छात्रों में राधे मोहन यादव प्रथम, प्रवेश यादव व विपिन कुमार द्वितीय तथा दीपक सिंह तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं में तनु दुबे प्रथम, दीक्षा मिश्रा द्वितीय व भारती यादव तृतीय रहीं।

गोला फेंक में छात्रों में अर्जुन शर्मा प्रथम, अतुल कुमार शर्मा द्वितीय व आकाश भदौरिया तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं में शुभी भदौरिया प्रथम, कृष्णा द्वितीय व दीप्ति त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहीं। चक्का फेंक में छात्रों में अर्जुन शर्मा प्रथम, विपिन कुमार द्वितीय व मो.जीशान तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं में दीप्ति प्रथम, शुभी भदौरिया द्वितीय व सोनी तृतीय स्थान पर रहीं। छात्रों की ऊंची कूद में अभिषेक शुक्ला प्रथम, शिवा कुमार द्वितीय व आकाश सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

प्रबंध कार्यकारिणी के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार त्रिपाठी, क्रीड़ाधिकारी डॉ. ज्योति भदौरिया मौजूद आदि मौजूद रहे।

# जनता कॉलेज बकेवर में पांच मई से शुरू होंगे प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में पांच मई से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि आवेदन फार्म मेरिट और प्रवेश परीक्षा के आधार पर आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसमें एमएससी कृषि (हॉर्टिकल्चर) एवं बीएससी (कृषि) में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। बीएससी गणित, कंप्यूटर विज्ञान, औद्योगिक रसायन, जीव विज्ञान, बीकॉम, एमकॉम एमएससी गणित आदि कक्षाओं में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। मेरिट सूची 25 जून को जारी की जाएगी।



प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी।

## आवेदन फार्म मेरिट और प्रवेश परीक्षा के आधार पर जमा होंगे

बीएससी व एमएससी हॉर्टिकल्चर के छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश परीक्षा फार्म कॉलेज कार्यालय में 1 मई से और ऑनलाइन पांच मई से 31 मई तक उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश परीक्षा एमएससी (कृषि) हॉर्टिकल्चर के लिए नौ जून, बीएससी एग्रीकल्चर के लिए 10 जून को आयोजित की जाएगी। इसका परिणाम 25 जून को घोषित किया जाएगा। मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राएं एक जुलाई तक प्रवेश पा सकेंगे।

# एमएससी जूलॉजी एंटोमोलॉजी में आए दूसरे विषय के सवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। एमएससी जूलोजी एंटोमोलॉजी के चौथे प्रश्नपत्र में पांचवें के सवाल आने से छात्र-छात्राएं परेशान हो गए। उन्होंने कहा कि अधिकांश प्रश्न दूसरे विषय के आने से पेपर खराब हो गया है। पेपर दोबारा कराना चाहिए।

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबंध महाविद्यालयों में परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार सुबह एमएससी अंतिम वर्ष के जंतु विज्ञान विषय का चतुर्थ पेपर देने के लिए छात्र-छात्राएं पहुंचे। उनका चतुर्थ प्रश्नपत्र कीटों की आकारकीय, शारीरिकीय, कार्यकीय पारिस्थितिकी तथा भौणिकी विषय का था। प्रश्नपत्र सामने आने के बाद छात्र-छात्राएं भौचक्क रह गए। इसमें लगभग 70 प्रतिशत सवाल पांचवें पेपर कीट वर्गीकरण, आर्थिक कीट विज्ञान और सामाजिक कीट के दे दिए गए। इससे छात्र-छात्राओं का पेपर बिगड़ गया। छात्र-छात्राओं ने परीक्षा निरस्त करने की मांग की है।

विभागाध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता ने बताया कि एमएससी जूलोजी का शनिवार को स्पेशल पेपर चतुर्थ का था, लेकिन सवाल पंचम पेपर से ज्यादा पूछे गए। इससे छात्र-छात्राओं का नुकसान हुआ है। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय से बात की जाएगी। साथ ही यदि छात्र-छात्रा कोई शिकायती पत्र देते हैं तो उसे भी भेजा जाएगा।

## परीक्षा दोबारा करानी चाहिए



परीक्षा देने आई छात्रा शुभ मिश्रा वैशाली ने बताया कि पेपर में 70 प्रतिशत पंचम पेपर के कोर्स से प्रश्न पूछे गए। जबकि पेपर चतुर्थ का था। ऐसे में पेपर खराब हो गया। विवि को यह परीक्षा दोबारा करानी चाहिए।



छात्रा शिवानी ने बताया कि वह बहुत तैयारी करके गई थी, लेकिन प्रश्नपत्र देखकर हैरान रह गई। चतुर्थ पेपर में पंचम के लगभग 70 प्रतिशत सवाल होने से पेपर अच्छा नहीं हो सका।



छात्रा नेहा ने बताया कि तैयारी चतुर्थ पेपर की करके गई थीं, लेकिन ज्यादातर प्रश्न पंचम पेपर के आ गए। ऐसे में नंबर कम आएंगे और पूरे रिजल्ट को प्रभावित करेंगे। परीक्षा निरस्त कर देनी चाहिए।



छात्रा कंचन ने बताया कि जो विषय पढ़ा उसके प्रश्न की जगह दूसरे सवाल आने से उन्हें हल नहीं कर सके। इससे पेपर बिगड़ गया। गलती विश्वविद्यालय स्तर की है और खामियाजा छात्र भुगतेंगे।

# युवा Youth

# सीटों से पांच गुना छात्रों ने दी परीक्षा

## जनता डिग्री कॉलेज में एमएससी कृषि के लिए हैं 15 सीटें

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज में एमएससी कृषि में प्रवेश के लिए सीटों से लगभग पांच गुना अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। मुख्य गेट पर चेकिंग के बाद छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। इस दौरान प्रवेश द्वार पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि जनता कॉलेज बकेवर में एमएससी कृषि उद्यान शास्त्र की 15 सीटों के सापेक्ष प्रवेश के लिए 90 विद्यार्थियो ने आवेदन किया। शुक्रवार को कालेज केंद्र पर हुई प्रवेश परीक्षा में 72 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित रहे। 18 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 10 जून शनिवार को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। बीएससी कृषि में प्रवेश के लिए करीब छह सौ विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

विद्यार्थियों को उनके प्रवेश पत्र ऑफलाइन कॉलेज कार्यालय पटल से तथा ऑनलाइन निर्गत किए जा चुके हैं। प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा समय से 30 मिनट पहले केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

जनता कालेज में कृषि स्नातक के लिए 120 सीटें हैं। इसके लिए इटावा, जालौन, औरैया, कानपुर देहात,फतेहपुर, हरदोई, सीतापुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद जनपदों के विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। संख्या अधिक होने से कालेज प्रशासन प्रवेश परीक्षा करा रहा है। उन्होंने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए कक्षों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# 500 छात्रों ने दी स्नातक कृषि की प्रवेश परीक्षा

## 120 सीटों पर दाखिला लेने के लिए कई जिले के छात्र हुए शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता डिग्री कालेज में बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर की 120 सीटों पर शनिवार को प्रवेश के लिए 497 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज में कृषि स्नातक की 120 सीटों पर प्रवेश के लिए कई जनपदों के 533 विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु आवेदन फार्म ऑफलाइन व ऑनलाइन भरे थे। इसकी शनिवार को प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें 497 उपस्थित व 36 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कालेज के मुख्य गेट पर चेकिंग के बाद उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया जनता कॉलेज बकेवर में बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए परीक्षा शनिवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक संपन्न हुई है।

जनता कालेज में बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर के लिए 120 सीटें हैं। इसके लिए 533 विद्यार्थियों ने जालौन, औरैया, कानपुर देहात, फतेहपुर, हरदोई, सीतापुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद जनपदों के विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किए थे।

सीटों के सापेक्ष अधिक आवेदन फार्म होने के कारण कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा कराई। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा कराने के दौरान डॉ. एके पांडेय, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# जनता कॉलेज बकेवर में स्नातक में प्रवेश शुरू

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के साइंस व वाणिज्य संकाय में नवीन स्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश शुरू हो गए हैं। अब तक 160 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिए हैं।

2020 में नई शिक्षा नीति लागू की गई थी। इस वर्ष पुरानी शिक्षा नीति की स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं हुईं हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कानपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जनता कॉलेज बकेवर में विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय में प्रथम सेमेस्टर में छात्र छात्राओं को प्रवेश दिए जा रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कॉलेज में विज्ञान वर्ग की 360 सीटों के लिए तथा वाणिज्य वर्ग की 240 सीटों के लिए छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिए जा रहे हैं। अब तक तकरीबन 160 से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रवेश हों चुके हैं। विज्ञान संकाय व वाणिज्य संकाय में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए कालेज के प्राध्यापको की एक प्रवेश समिति बनाई गई है।

इसमें जूलॉजी विभागध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता, भौतिक विज्ञान के डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. मनोज यादव, डॉ. गोपीनाथ मौर्य की एक है। उक्त समिति प्रवेश लेने आने वाले विद्यार्थियों के आवेदन पत्रों के साथ-साथ अंक पत्रों की जांच करने के बाद प्रवेश की स्वीकृति प्रदान करती है। उसके बाद कॉलेज कार्यालय पर प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश दिया जा रहा है। बीएससी कृषि के लिए कृषि स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रवेश अभी शुरू नहीं हुए हैं। प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम एक-दो दिन में जारी कर दिया जाएगा। उसके बाद काउंसलिंग शुरू होगी। कृषि स्नातक की 120 सीटों के सापेक्ष 600 विद्यार्थियों की ओर प्रवेश परीक्षा दी गई थी। (संवाद)

# बीएससी कृषि प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, खिले चेहरे

**संवाद सूत्र, बकेवर** : जनता कालेज में बीएससी कृषि में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम नेट पर डाल दिया गया है तथा सूची को चस्पा कर दिया गया है। प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। कालेज में कृषि से स्नातक की पढ़ाई के लिए 120 सीटें हैं, जिनके लिए प्रवेश पाने को मारामारी के हालात रहते हैं।

इटावा ही नहीं बल्कि औरैया, कानपुर देहात, फतेहपुर, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा आदि जनपदों के छात्र छात्राएं प्रवेश लेने के लिए आते हैं। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कृषि स्नातक की 120 सीटों पर प्रवेश के लिए तकरीबन 600 छात्र-छात्राओं की ओर से आवेदन किया गया था। छात्र-छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा दी थी। प्रथम सूची के छात्र-छात्राएं अपने प्रवेश ले सकते हैं। पहली सूची के बाद बची हुई सीटों के लिए वेटिंग की सूची जारी की जाएगी।

# बीएससी कृषि की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

## जनता कॉलेज बकेवर 120 सीटों के लिए हुई थी 10 जून को परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता डिग्री कॉलेज में बीएससी कृषि की 120 सीटों के दाखिले के हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

जनता कॉलेज बकेवर में कृषि स्नातक की 120 सीटों के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए मारामारी रहती है। जिले के साथ ही अन्य जनपदों के औरैया, कानपुर देहात, फतेहपुर, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ ,जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा आदि जनपदों के छात्र छात्राएं प्रवेश लेने के लिए आते हैं। कॉलेज प्रशासन की ओर से 120 सीटों पर प्रवेश के लिए इस बार 10 जून को परीक्षा कराई गई थी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम कॉलेज प्रशासन ने घोषित कर दिया गया है। परिणाम को परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय प्रशासन ने भेज [illegible] दिया गया है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. [illegible] किशोर त्रिपाठी ने बताया कृषि स्नातक की 120 सीटों पर प्रवेश के लिए लगभग [illegible] छात्र-छात्राओं की ओर से आवेदन किया गया था। प्रथम सूची के छात्र-छात्राएं अपने प्रवेश ले सकते हैं। पहली सूची के बाद बची हुई सीटों के लिए दूसरी की सूची जारी की जाएगी।



प्रवेश परीक्षा के परिणाम की सूची में नाम देखती छात्राएं। संवाद

# जनता कालेज में 15 से शुरू होंगी कक्षाएं

बकेवर, औरैया। जनता कालेज बकेवर में बीएससी कृषि के लिए प्रवेश ऑनलाइन चल रहे हैं, पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश जारी हैं। कक्षाएं प्रवेश के बाद से 15 जुलाई से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। यह बात जनता कालेज बकेवर के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कालेज में बीएससी कृषि स्नातक स्तर पर 120 सीटों के लिए प्रवेश लगातार ऑनलाइन चल रहे हैं। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया 03 जुलाई से शुरू कर दी गई थी। बुधवार को पहली मेरिट सूची भी जारी कर दी गयी थी। अगर सीट बचती है तो दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी।

# नई शिक्षा नीति में गणित में भी होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

## स्नातक व परास्नातक स्तर पर गणित विषय के लिए शुरू की गई प्रयोगात्मक कक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। नई शिक्षा नीति में स्नातक व परास्नातक स्तर पर गणित विषय में भी प्रयोगात्मक परीक्षा और प्रोजेक्ट का काम भी लागू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत स्नातक और परास्नातक में अब छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक कक्षाएं भी लगाई जा रही हैं।

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध जनता कॉलेज बकेवर में गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नलिनी शुक्ला ने बताया पहले गणित विषय में प्रैक्टिकल नहीं होते थे। शेष अन्य विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि आदि विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षा होती थी। अब नई शिक्षा नीति में अब स्नातक स्तर पर व परास्नातक स्तर पर गणित विषय में अब प्रयोगात्मक लागू हो गया है।



बकेवर कॉलेज में प्रयोगात्मक से जुड़े प्रोजेक्ट दिखाते छात्र। संवाद

जनता कॉलेज बकेवर में परास्नातक गणित विषय से परास्नातक 20 छात्र कर रहे हैं। गणित विभाग की प्राध्यापक डॉ. इंदु बाला मिश्रा कहती हैं कि गणित में भी प्रयोगात्मक व प्रोजेक्ट वर्क लागू होने से गणित विषय से स्नातक व परास्नातक करने वाले छात्र-छात्राओं को इससे काफी सुविधा होगी। परीक्षा परिणाम में भी उनके अंक के प्रतिशत आने में सुधार होगा। प्रयोगात्मक से छात्र छात्राओं का शैक्षणिक स्तर सुधरेगा।

डॉ. सत्यार्थ अनिरुद्ध कहते हैं कि गणित में प्रयोगात्मक व प्रोजेक्ट वर्क लागू होने से गणित विषय से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। गणित में परास्नातक कर रहे छात्र अमन कहते हैं कि गणित में प्रयोगात्मक परीक्षा व प्रोजेक्ट वर्क होने से पढ़ाई में काफी सहायता मिल रही है।

पहले पूरे वर्ष का एक ही किताबों को पढ़कर परीक्षा देनी पड़ती थी, लेकिन इस नई पद्धति से हर सेमेस्टर के बाद नई किताबें व नए पाठ्यक्रम के साथ ही कई नए पाठ भी जोड़े जाते हैं। छात्र शिवम त्रिपाठी बताते हैं प्रोजेक्ट तथा तरीके से नौकरी को प्राप्त करने में [illegible] के प्रशिक्षण की तरह होता है। इससे [illegible] और प्रयोगात्मक कक्षा के बीच इन लोगों को [illegible] होता है, जो काफी अच्छा सीखने के लिए है।

### सौंपा ज्ञापन

संस्था ने ज्ञापन में मुख्यमंत्री से [illegible] के लिए [illegible] में बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट और गैस सिलिंडर पर 500 रुपये की छूट की व्यवस्था करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष [illegible], प्रदेश सचिव [illegible] सिंह, जिला उपाध्यक्ष [illegible] सिंह, कार्यकारिणी सदस्य दीपांशु गुप्ता, सदस्य [illegible] सिंह, श्याम सिंह, कुलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बिजली और गैस सिलिंडर की बढ़ती कीमतों का विरोध

[illegible]

### गणित के प्रोजेक्ट में बिजनेस मैनेजमेंट का भाग शामिल

[illegible]

## मोहर्रम का महीना आज से इमाम बारगाहों में अलम सजे

# छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

## जनता कॉलेज बकेवर के एनसीसी व एनएसएस विभाग ने की संगोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी




रैली निकालते एनसीसी कैडेट और छात्राएं। संवाद

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर में एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संगोष्ठी एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। लोगों को सड़क हादसों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र - छात्राओं ने रैली भी निकाली।

रैली कार्यक्रम में कार्यक्रम के अध्यक्ष व कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने यातायात नियमों के प्रति छात्र -छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कैड्ट कोर के लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने सड़क सुरक्षा के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। यातायात नियमों का पालन करना एवं जन तक पहुंचाने के लिए कैडेट्स एवं स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने सड़क यातायात के निर्देशों को विस्तार से बताया व जीवन से जुड़ी हुई रक्षा एवं सावधानियों पर विचारों का साझा किया। एनसीसी व एनएसएस के छात्र छात्रों ने सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली कस्बा में निकाली। रैली का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया।

जन जागरूकता रैली कॉलेज के गेट नंबर एक से बकेवर कस्बे से होते हुए थाना बकेवर पर समापन किया। इस रैली में कैडेट एवं स्वयंसेवकों ने जन जागरूकता के उद्देश्य को अपने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना एवं यातायात के नियमों को पालन करने के लिए जनमानस में संदेश पहुंचाया।

संचालन लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा कर रहे थे। डॉ. एमपी यादव, डॉ पीके राजपूत डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, शिव मोहन अग्निहोत्री, सुबोध शुक्ला, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला, शिवकुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को दी मोबाइल के सीमित प्रयोग की सलाह

## जनता कॉलेज बकेवर में नए छात्रों को ओरिएंटेशन से दी गईं जानकारियां

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के संगोष्ठी कक्ष में वाणिज्य संकाय की ओर से संचालित बीकाम प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को मोबाइल का सीमिति उपयोग करके की सलाह दी गई।

शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ राकेश किशोर त्रिपाठी और प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए के मूल मंत्र से संबोधित किया। संयोजक वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक गोपीनाथ मौर्या ने सर्व प्रथम विद्यार्थियों को ध्यान एवं प्राणायाम के साथ गायत्री मंत्र का सस्वर पाठ कराया।

विभिन्न प्रभारियों से विद्यार्थियों का परिचय कराया। छात्र-छात्राओं को कॉलेज की संक्षिप्त इतिहास, उपलब्धियों और पाठ्यक्रमों की



जनता कॉलेज बकेवर में शपथ लेते छात्र। संवाद

विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित होने वाली परीक्षाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर में लिखित परीक्षा ( वर्णनात्मक रूप में ) होगी और द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर में परीक्षाएं बहुविकल्पी प्रश्नों के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

परीक्षाओं का प्रारूप आंतरिक (25 अंकों की) एवं बाह्य परीक्षा (75 अंकों) के रूप में होने की जानकारी गोपीनाथ मौर्य ने दी। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ. योगेश शुक्ला ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम एवं बीकॉम उपरांत सेवायोजन के विभिन्न क्षेत्रों में नियोजन के अवसर के बारे में बताया।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ज्योति भदौरिया ने विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग करने एवं विश्वविद्यालय टीम में चयन के प्रक्रिया को बताया। योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के चयन एवं उनके विशेष प्रशिक्षण शिविर के बारे में बताया।

# 343 परीक्षार्थियों ने दी बीएड व एलएलबी की परीक्षा

## जनता बकेवर कॉलेज को बनाया गया छह कॉलेजों का परीक्षा केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में एलएलबी व बीएड की सेमेस्टर परीक्षा गुरुवार को हुई। जनता कॉलेज को जिले के छ कॉलेजों का परीक्षा केंद्र बनाया गया था। गुरुवार को दोनों पाली में बीएड व वकालत की परीक्षाएं हुईं। अंतिम दिन 343 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

कानपुर विश्वविद्यालय से जुड़े जनपद के तीन बीएड कॉलेज और तीन वकालत के कॉलेज के छात्र-छात्राओं के सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षा केंद्र जनता कॉलेज बकेवर में बनाया गया था। इसमें लखना के राजबहादुर सिंह डिग्री कॉलेज,मनियाँमऊ स्थित आरएस डिग्री कॉलेज, भरथना के ज्ञानस्थली डिग्री कॉलेज के बीएड के परीक्षार्थी शामिल रहे।

वहीं, इटावा स्थित बृजभूषण सिंह डिग्री कॉलेज, पृथ्वीपुर के रामवती राजबहादुर डिग्री कॉलेज और इकदिल के विशाल विधि महाविद्यालय के वकालत के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षाएं गई है। चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष डॉ नलिनी शुक्ला व परीक्षा प्रभारी डॉ पीके राजपूत ने बताया कि चार पालियों में परीक्षा हो रही है। परीक्षा के अंतिम दिन सुबह की पाली में एलएलबी तृतीय सेमेस्टर का कम्पनी लॉ का पेपर ,जबकि बीएड दूसरे सेमेस्टर का पर्यावरण शिक्षा की परीक्षा थी।



परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। संवाद

## प्रत्येक माह होगा बच्चों

## योग प्रशिक्षक बनने के लिए पहुंचे 60 आवेदक

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

# कृषि स्नातक और परास्नातक की परीक्षा तीन पालियों में शुरू

संवाद सूत्र, बकेवर : शनिवार को तीन पालियों में कृषि स्नातक व परास्नातक के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जनता कालेज में 4 अगस्त से कानपुर विश्वविद्यालय की कृषि संकाय की स्नातक व परास्नातक की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। हालांकि इससे पहले बीएड व एमएससी की परीक्षाएं चल रही थी जो गुरुवार को समाप्त हुई।

कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को कृषि स्नातक के दूसरे, चौथे व छठवें सेमेस्टर की व परास्नातक के छात्र-छात्राओं की दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा केंद्राध्यक्ष डा. नलिनी शुक्ला व परीक्षा प्रभारी डा. रिंकू राजपूत ने बताया कि तीसरे दिन सुबह की पाली में कृषि के दूसरे सेमेस्टर के 101 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। जबकि दूसरी पाली में स्नातक के 118 व परास्नातक के 16 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे



जनता कालेज के गेट पर परीक्षा से पहले छात्र की चेकिंग करते शिक्षक • जागरण

तथा तीसरी अंतिम पाली में 118 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र के गेट पर चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। यह कृषि सेमेस्टर परीक्षाएं 17 अगस्त तक चलेंगी।



परीक्षार्थियों की गेट पर तलाशी लेते शिक्षक। संवाद

# कृषि संकाय की परीक्षा शुरू

बकेवर। जनता कॉलेज में कृषि स्नातक व परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं चार अगस्त से शुरू हो गई हैं। कृषि की सेमेस्टर परीक्षाएं 17 अगस्त तक चलेंगी। शनिवार को तीन पालियों में कृषि स्नातक के छात्र-छात्राओं ने परीक्षाएं दीं। इससे पूर्व बीएड व एलएलबी की परीक्षाएं चल रही थीं जो गुरुवार को समाप्त हो चुकी हैं। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज में शनिवार को कृषि स्नातक के दूसरे चौथे व छठवें सेमेस्टर की व परास्नातक के छात्र- छात्राओं की दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हुई। परीक्षा की वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष डॉ. नलिनी शुक्ला, परीक्षा प्रभारी डॉ. पीके राजपूत ने बताया कि शनिवार को सुबह की पाली में कृषि के दूसरे सेमेस्टर के 101 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि दोपहर में दूसरी पाली में स्नातक के 118 व परास्नातक के 16 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। तीसरी व अंतिम पाली में 118 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा से आधा घंटा पूर्व गेट पर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। (संवाद)

से नगला हरी स्थित गौशाला को

# 'मार्ग दर्शन के अभाव में होता आसुरी अवगुणों का समावेश'

संवाद सूत्र, बकेवर : जनता कालेज में श्रीमद्भागवद गीता के अध्याय 16 पर आधारित जीवन प्रबंधन विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वृंदावन से आए मुख्य वक्ता आचार्य कुंज बिहारी शुक्ला ने कहा, मनुष्यों में दो तरह के व्यवहार दैवीय संपदा तथा आसुरी संपदायुक्त बर्ताव होते हैं। दैवीय संपदा गुणों वाले व्यक्ति में सत्य, करुणा, दया आदि गुण होते हैं। किसी की बुराई न करना, अभिमान न होना आदि भी दैवीय गुण होते हैं। वहीं दूसरी ओर घमंड, क्रोध, अज्ञानता, परस्पर शत्रुभाव रखना आदि अवगुण आसुरी संपदा में आते हैं। प्रत्येक मनुष्य जन्मजात रूप से दैवीय गुणों से युक्त होता है किंतु उचित शिक्षा व मार्ग दर्शन के अभाव में व्यक्ति में आसुरी अवगुणों का समावेश हो जाता है।



जनता कालेज बकेवर में जीवन प्रबंधन विषयक गोष्ठी को संबोधित करते आचार्य कुंज बिहारी शुक्ला (दाएं) • स्वयं

प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने आचार्य कुंज बिहारी शुक्ला का स्वागत करते हुए छात्राओं को श्रीमद्भागवद गीता आधारित जानकारी उपस्थित छात्रों को साझा करते हुए कहा कि सामाजिक परिवेश में प्रायः प्रामाणिक सत्य बोलने वाले, करुणा, दया, ममतायुक्त, अहिंसा मार्ग का अनुसरण करने वाले व्यक्ति समाज में सर्वस्वीकार्य होते हैं। भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य प्राध्यापक डा. इंदुबाला मिश्रा, डा. प्रकाश दुबे एवं डा. गोपीनाथ मौर्य आदि ने विषय आधारित वक्तव्य दिए। विषय आधारित भाषण प्रतियोगिता में छात्र विधि चौहान, केशव, हर्ष शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा निबंध प्रतियोगिता में नित्या गुप्ता, केशव, प्रतीक्षा अवस्थी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। इस मौके पर डा. दिव्य ज्योति मिश्र, संचालन अश्वनी कुमार मिश्र, डा. अशोक कुमार पांडेय, डा. नलिनी शुक्ला, डा. डीएन सिंह, डा. प्रमोद कुमार राजपूत आदि मौजूद रहे।

# भाषण में विधि, निबंध में नित्या ने मारी बाजी

## श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित जीवन प्रबंधन विषयक संगोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** कानपुर विश्वविद्यालय के निर्देशन में जनता कॉलेज बकेवर में श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 16 पर आधारित जीवन प्रबंधन विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता आचार्य कुंज बिहारी शुक्ला ने किया। इसके साथ ही भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण में विधि और निबंध में नित्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आचार्य कुंज बिहारी ने कहा कि मनुष्यों में दो तरह के व्यवहार दैवी संपदा तथा आसुरी संपदा होते है। दैवी संपदा गुणों वाले व्यक्ति में सत्य,करुणा, दया जैसे अच्छे गुण होते है। वहीं दूसरी ओर घमंड,क्रोध,अज्ञानता, शत्रुभाव रखने जैसे अवगुण आसुरी संपदा के लोगों में होते है । प्रत्येक मनुष्य जन्मजात से दैवी गुणों से युक्त होता है। उचित शिक्षा व मार्गदर्शन के अभाव में व्यक्ति में आसुरी अवगुणों का समावेश हो जाता है।

भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. प्रकाश दुबे एवं डॉ. गोपीनाथ मौर्य ने विषय आधारित वक्तव्य दिए। विषय आधारित भाषण प्रतियोगिता में छात्र विधि चौहान को प्रथम, केशव को द्वितीय ,हर्ष शर्मा को तृतीय स्थान हासिल हुआ।

वहीं निबंध प्रतियोगिता में नित्या गुप्ता को प्रथम ,केशव को द्वितीय और प्रतीक्षा अवस्थी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र तथा संचालन अश्वनी कुमार मिश्र ने किया। डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. डी एन सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राजपूत, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. मनाज यादव , डॉ नवीन अवस्थी, लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद आदि मौजूद रहे।



संगोष्ठी को संबोधित करते आचार्य कुंज बिहारी शुक्ला । संवाद


# कार्यालय उपजिलाधिकारी बांगरमऊ, उन्नाव।

पत्रांक संख्या- /र०का० / मत्स्य आवंटन दिनांक-

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील बांगरमऊ उन्नाव में स्थित निम्नलिखित ग्रामों के तालाबों का दस वर्षीय मत्स्य पालन व सिंघाड़ा उत्पादन के प्रयोजनार्थ पटटा शिविर दिनांक (29.08.2023 व 05.09.2023 ) समय दिन में 11 बजे मध्य से तहसील सभागार में आयोजित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ नवीनतम आय एवं जाति प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र (विज्ञापन की तिथि से 6 माह से पुराना न हो) संलग्न करना होगा। मत्स्य पालन पटटा किये जाने की कार्यवाही उ०प्र० राजस्व संहिता नियमावली 2016 के नियम 57 धारा 61 की उपधारा-1 से 15 तक में दिए गये प्राविधानों के तहत की जायेगी। मत्स्य पालन पटटे से सम्बंधित जांनकारी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय तहसीलदार बांगरमऊ उन्नाव से ली जा सकती है।

उपजिलाधिकारी
बांगरमऊ,उन्नाव

### आवंटन हेतु तालाबो की सूची

| क्रम सं० | ग्राम का नाम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अतरधनी | 1236 | 0.417 | |
| 2 | जहांगीराबाद | 1320 | 0.890 | |
| | | 104ग | 0.632 | |
| | | 1419ख | 1.290 | |
| | | 1413 | 0.637 | |
| | | 76 | 0.248 | |
| 3 | बल्लापुर | 1245घ | 1.012 | |
| | | 352 | 0.190 | |
| | | 2499 | 1.012 | |
| 4 | करीमाादिकपुर | 1166 | 0.873 | |
| 5 | जसरापुर | 265 | 1.700 | |
| 6 | सिरधरपुर एहत0 | 9क | 2.4500 | |
| | | 499मि | 0.3300 | |
| 7 | हसनपुर मजरा | 99 | 0.759 | |
| 8 | हयातनगर | 400 | 0.443 | |
| | | 195 | 0.202 | |
| 9 | भड़ियापुर | 40 | 0.272 | |
| 10 | शादीपुर | 1051 | 0.809 | |


उजाला

rts
/jobs

53 पद

प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद रिक्त

38/40/45/55 वर्ष
णी।
त विश्वविद्यालय से
न्य निर्धारित पात्रताएं
चाहिए।
स्टिंग प्रक्रिया/
कार का आयोजन
अपने दस्तावेजों की
नी होंगी। चयन से
केशन अवश्य देखें।
के अनुसार रुपये
होंगे।
23 तक।

//ada.gov.in

16 पद

दि पदों पर मौके

5/47 वर्ष निर्धारित।

प्त संस्थान से
ान/इंजीनियरिंग
र्यानुभव होना चाहिए।
ा का आयोजन किया
र्थियों को कंप्यूटर
र बुलाया जाएगा।
ने वाले अभ्यर्थियों को

गस्त, 2023 तक
सकते हैं।

://dmi.ac.in

134 पद

प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर व अन्य पद खाली

ऑपरेशन
सैफई। उच्च प्रा
वर्मा ने ऑपरेशन
विद्यालय (दिव्य

काय

संख्या-706 / र

सर्वसाधारण
बालू/मौरम
के अन्तर्गत
हुये इच्छुक
ई-नीलामी
1. क्षेत्र का

# कोरोना में प्रमोट किए गए एमएससी के छात्रों को कर दिया गया फेल

## छात्रों का 2021 का परिणाम अटका, अब बनाया जा रहा दोबारा परीक्षा देने का दबाव

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के एमएससी के छात्रों का भविष्य अधर में है। कोरोना काल के दौरान एमएससी प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रमोट तो कर दिया गया, लेकिन जब फाइनल रिजल्ट आया तो उन्हें फेल दिखाकर रिजल्ट डिटेंड कर दिया गया। अब इन छात्रों पर दोबारा परीक्षा देने का दबाव बनाया जा रहा है।

दरअसल, 2021 में एमएससी की परीक्षा नहीं हुई और छात्रों को प्रमोट कर दिया गया। आधार यह दिया गया कि एमएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा के आधार पर छात्रों को प्रथम वर्ष के अंक दिए जाएंगे। 2022 में हुई द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कई छात्र फेल हो गए।

2023 में छात्रों ने एमएससी द्वितीय वर्ष की दोबारा परीक्षा दी और उसमें पास हो गए। लेकिन फाइनल परिणाम में छात्रों को पहले साल में फेल दिखाया और उनका परिणाम डिटेंड कर दिया। एसजे विद्यालय के छात्र रंजीव कुमार का कहना है कि कॉलेज में चक्कर लगाए तो उन्होंने कहा कि विवि का मामला है।

विवि में कुछ अधिकारियों से बात की तो दोबारा परीक्षा देने की बात कह रहे हैं। रंजीव का कहना है कि जब दूसरे साल के अंक के आधार पर पहले साल के अंक देने हैं तो 2023 के अंक क्यों नहीं दिए जा रहे हैं।

> “ मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही इस पर विचार किया जाएगा। कोशिश की जाएगी कि छात्रों का अहित न हो।
> – राकेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक

## पाठ्यक्रम से बाहर के सवाल आने पर इतिहास की परीक्षा दो सितंबर को दोबारा होगी

कानपुर। सीसजेएमयू में करीब तीन महीने पहले एमए द्वितीय सेमेस्टर के प्राचीन इतिहास के एक पेपर में पाठ्यक्रम से बाहर के सवाल आने पर फिर से दो सितंबर को परीक्षा होगी। छात्र-छात्राओं ने विवि प्रशासन से शिकायत की थी कि प्राचीन इतिहास के प्रश्नपत्र रिसर्च मेथोडोलॉजी प्रथम पेपर कोड-ए520802टी में अधिकतर सवाल सिलेबस के बाहर से पूछे गए थे। कुलपति ने मामले की जांच का आदेश दिया। जांच समिति ने रिपोर्ट में आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न की सहमति जताई। विवि के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने दोबारा परीक्षा कराने का निर्देश दिया है। अब यह परीक्षा सिर्फ दो केंद्रों कानपुर में डीएवी कॉलेज व उन्नाव में बाबू जयशंकर प्रसाद महाविद्यालय हैं। (ब्यूरो)

अमर उजाला Classified small is BIG 0522-4053824 7838356940

## कौशल वृद्धि प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन करें, अंतिम तिथि 31 अगस्त

# इटावा के इतिहास पर की चर्चा

## क्षमता संवर्धन विषय पर जनता कॉलेज में हुई संगोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी



मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देते संस्था के पदाधिकारी। संवाद

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में क्षमता संवर्धन विषय पर हुई संगोष्ठी में इटावा के इतिहास पर चर्चा की गई। फिर देश की स्वतंत्रता में इटावा की अहम भूमिका का वर्णन करते हुए कई स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ रिटायर्ड आईपीएस डीआईजी हरीश कुमार और कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश किशोर त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया।

प्राचार्य ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए इटावा की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के बारे में विचारों को साझा किया। पूर्व आईपीएस हरीश कुमार ने अपनी पुस्तक इटावा कल आज और कल के माध्यम से इटावा के इतिहास पर साहित्यिक, सामाजिक विरासत के विषय पर चर्चा की। देश की स्वतंत्रता में इटावा के कई स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

उन्होंने अपनी पुस्तक में इटावा के लिखे गए इतिहास का वर्णन करते हुए बताया कि साहित्य के क्षेत्र में, राजनीति के क्षेत्र में, प्राकृतिक नदियों के क्षेत्र में तथा धार्मिक स्थान के बारे में चर्चा की। क्षेत्र विविधता पर भी ध्यान दिया।

उन्होंने स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों को सिविल सर्विसेज के बारे में ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आप सभी लोग आयोग में सिलेक्शन के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंटरमीडिएट की एनसीईआरटी की सभी किताबें खरीद कर पढ़ें। सामयिक किताबों का प्रतिदिन अध्ययन करें। संदीप पांडेय ने छात्रों को फोर सी के सिद्धांत द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए मुख्य बिंदुओं पर अपने विचारों का साझा किया। सुग्रीव मौर्य ने तुषार नामक डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में बताया जो लखनऊ से संचालित होती है वह छात्र-छात्राओं को निशुल्क सेवा प्रदान करती है।

संचालन डॉ. संजीव कुमार एवं डॉ. नवीन अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. एके पांडेय, डॉ. गोपीनाथ, डॉ. मनोज यादव, डॉ. एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# जनता कॉलेज के छात्र छात्राओं ने पाए पदक



छात्र-छात्राओं को पदक देतीं राज्यपाल। स्रोत: संस्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बकेवर।** जनता कॉलेज के छात्र एवं छात्रा को विश्वविद्यालय की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कानपुर विश्वविद्यालय में हुए दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण और कांस्य पदक देकर पुरस्कृत किया।

कॉलेज की छात्रा कीर्ति को एमएससी फिजिक्स में वर्ष 2023 की परीक्षा में दोनों वर्षों में सर्वाधिक 79.3 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। इस पर उन्हें सर सीवी रमन कमोमेरिशन स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। एमएससी भौतिकी की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर कैलाशपत सिंहानिया को स्वर्ण प्रदान किया गया।

छात्रा कीर्ति भरथना क्षेत्र की रहने वाली है। छात्रा ने कॉलेज के फिजिक्स विभाग के प्रभारी डॉ. प्रकाश दुबे के निर्देशन में पढ़ाई की। वह इस समय नेट की अनिवार्य तैयारी कर रही है। कीर्ति ने बताया की वह सिविल सर्विसेज में जाना चाहती है।

वहीं, बीएससी कृषि अंतिम सेमेस्टर के छात्र सुमित वर्मा को भी बीएससी स्नातक स्तर पर वर्ष 2023 की परीक्षा में सर्वाधिक 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर दो सर्वश्रेष्ठ छात्रों के लिए कुलाधिपति कांस्य पदक का पुरस्कार मिला है।

सुमित वर्मा मैनपुरी के रहने वाले हैं। छात्र-छात्राओं को पदक मिलने पर कॉलेज के प्रबंधक अभिनेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. एके चौबे, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. [illegible] गुप्ता, डॉ. [illegible] शुक्ला, डॉ. [illegible], डॉ. संजय [illegible], डॉ. [illegible], डॉ. [illegible] सिंह, डॉ. [illegible] ने हर्ष जताया।

**व्याख्यान** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद भोपाल से आए डॉ. राजीव कुमार पाठक ने जनता कॉलेज में की चर्चा

# लोगों को बताए गए नई शिक्षा नीति के फायदे

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। पूर्व छात्र समिति जनता कॉलेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद भोपाल से आए डॉ. राजीव कुमार पाठक ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और व्यावसायिक शिक्षा पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि वह कॉलेज के पूर्व छात्र ही हैं। साथ ही ऐसे पीएसएस व्यावसायिक शिक्षा केंद्रीय संस्थान श्यामला हिल्स में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर में हमारी शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक नहीं है। जब शिक्षा प्राप्त कर छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहता है तो उसके लिए अलग से परीक्षा देनी होती है। डॉक्टर बनना है तो भी अलग से परीक्षा देनी होगी। फिर जो शिक्षा प्राप्त की है उसकी प्रासंगिकता ही नहीं रहती है।



नई शिक्षा नीति के तहत गोष्ठी में शामिल शिक्षक। स्रोत- प्रबंधन

बताया कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी छात्र जो शिक्षा प्राप्त करें वह व्यावसायिक भी हो और इसके क्रियान्वयन में छात्रों को विषय वस्तु को समझने के साथ-साथ उसके मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) की उपयोगिता का भी मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता है। बच्चों में इसका महत्व जाग्रत करने से ही उन्हें भविष्य में सफल होने में सहायता मिलेगी। सभी शिक्षकों एवं छात्रों को प्रतिदिन स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए।

कॉलेज के जंतु विज्ञान के प्रभारी डॉ. ललित गुप्ता ने डॉ. पाठक तथा अतिथि डॉ. अशोक तिवारी को कॉमर्स संकाय के डॉ. गोपीनाथ मौर्य ने बैज, अलंकरण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. राजीव कुमार पाठक जनता कॉलेज के ऐसे पूर्व छात्र हैं। जिन्होंने जनता कॉलेज के यश को अपने व्यक्तित्व और कृतित्व द्वारा देश भर में फैलाया है।

पूर्व छात्र समिति के सचिव कुलदीप अवस्थी ने छात्रों को नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक शिक्षा विषय पर दिए गए व्याख्यान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी मार्गदर्शन देने का निवेदन किया।

कालेज के विभिन्न संकायों के 150 से अधिक छात्र उपस्थित रहे। प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. डोरेन सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राजपूत, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. गोपीनाथ मौर्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र, डॉ. इंदु बाला मिश्रा, अजय शर्मा, अश्वनी मिश्र, पवन कुमार सक्सेना व सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# बैडमिंटन में आकाश और सृष्टि ने बाजी मारी

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग खेलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में रंजीत और सृष्टि ने बाजी मारी तो कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र अमित तथा छात्राओं में मुस्कान की टीम विजेता रहीं। अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

जनता कॉलेज बकेवर में महाविद्यालय अंतर्गत होने वाली हाउस मैच खेलकूद प्रतियोगिताओं का सोमवार को समापन किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि अध्ययन और खेलकूद के मध्य सामंजस्य से छात्र जीवन विकसित होता है। यही सामंजस्य भविष्य के जिम्मेदार और राष्ट्र एवं परिवार के लिए उपयोगी नागरिक होने की शर्तों को पूरा करता है। एक सप्ताह तक हुए खेलकूद आयोजन का शुभारंभ बैडमिंटन प्रतियोगिता के साथ किया गया था। इसमें छात्रों में आकाश भदौरिया बीकॉम पंचम सेमेस्टर रंजीत हाउस से विजेता रहे। उपविजेता अतुल कुमार शर्मा रहे।

बैडमिंटन में सृष्टि तिवारी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर शिवाजी हाउस की विजेता रहीं। विक्रम हाउस की छात्रा कृष्णा एम कॉम प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रहीं।



कबड्डी में प्रतिभाग करते छात्र। संवाद



खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं। संवाद

### जनता कॉलेज बकेवर में महाविद्यालय स्तर की हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

कैरम प्रतियोगिता में छात्रों में प्रताप हाउस के छात्र हर्ष बीएससी तृतीय सेमेस्टर विजेता एवं छात्राओं में प्रताप हाउस की पलक गोयल विजेता रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में छात्र अमित की टीम विजेता रही। फुटबॉल मैच के आयोजन में छात्रों में कीर्ति की टीम विजेता रही।

शतरंज प्रतियोगिता में छात्रों में शिवाजी हाउस के अभय प्रजापति विजेता एवं छात्राओं में आकृति दुबे शिवाजी हाउस की विजेता रहीं।

खो-खो प्रतियोगिता में छात्राओं में सोनी की टीम विजेता एवं छात्र अमन की टीम विजेता रही। फुटबॉल में छात्रों में अतुल कुमार शर्मा की टीम तथा छात्राओं में कीर्ति की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छात्र पुनीत सिंह की टीम तथा छात्राओं में आराधना की टीम विजेता रही।

कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र अमित की टीम तथा छात्राओं में मुस्कान की टीम विजेता रही। प्राचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज परिवार के छात्र-छात्राओं सहित प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। डॉ. [illegible]

## कबड्डी प्रतियोगिता में महेवा का रहा दबदबा

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। पहले दिन प्राथमिक स्तर की बालक, बालिकाओं की प्रतियोगिता हुई। इसमें महेवा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। बालक-बालिका दोनों वर्गों में महेवा विजेता बनी।

### विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

प्रतियोगिता का शुभारंभ [illegible] सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बालक और बालिका दोनों वर्गों में महेवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर [illegible] को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों वर्गों में [illegible] उपविजेता बनी। [illegible] यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। [illegible]

## गोशालाओं के मवेशियों की

## ... खरीद शून्य

# ऑनलाइन आवेदन के लिए खुला काउंटर

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज बकेवर में मिशन शक्ति फेज 4 के तहत छह दिवसीय गैर आवासीय यूपीकॉन लखनऊ के तत्वावधान में नारी सुरक्षा, स्वावलंबन एवं नारी सम्मान के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने दीप जलाकर किया। विभिन्न योजनाओं के लिए निशुल्क फार्म भरवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए काउंटर खोलने की जानकारी दी गई।

बीडीओ महेवा सूरज सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इनकी जानकारी महिलाओं को होना जरूरी है तभी वे सरकारी योजनाओं का का लाभ उठा पाएंगी। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं महिलाएं। जनता कॉलेज के प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि मिशन शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। तभी वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगी।

पीडीईपीयूसेल्स के चेयरमैन हरि किशोर तिवारी ने बताया कि हमारे यहां महिलाओं के लिए सेल खोली गई है। इस पर वह विभिन्न योजनाओं के लिए निशुल्क फार्म भरवाकर सरकारी योजनाओं के लाभ उठा सकती हैं। जिला मिशन प्रबंधक डॉ. नंदकिशोर साह ने [illegible]



मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत किट के साथ महिलाएं व शिक्षक। संवाद

**मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छह दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन**

**सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए काउंटर खोलने की जानकारी दी गई**

गरीबों की जिंदगी बदल दी। ग्रामीण महिलाओं को चेहरे पर मुस्कान दिया। उन्होंने महिलाओं को समूह के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जो गरीब महिलाएं हैं, उन्हें समूह से जोड़ें। तभी उनको रोजगार मिलने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

पांच सूत्र, रजिस्टर के रख-रखाव, समूह को मिलने वाले फंड आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। थाना अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि कोई भी अनजान व्यक्ति यदि आपको झूठी खबर मोबाइल पर देता है तो उसकी बातों पर विश्वास न करें। उसकी सूचना थाने में तत्काल दें। हेल्पलाइन नं./आपातकालीन नं. 112, 1098, 1076 पर जानकारी दें।

महिला कांस्टेबल संगम ने निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं महिला साइबर सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मीडिया प्रभारी एवं कोर्डिनेटर, श्रीकृष्ण अवस्थी कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण 5 बैच में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक बैच में 30- 30 महिलाएं व बालिकाएं रहेंगी। सभी प्रशिक्षणार्थियों में लेखन सामग्री एवं बैग वितरित किया गया।

# जनता कॉलेज बकेवर को बेस्ट कॉलेज का अवार्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर (इटावा)। राष्ट्रीय कैडेट कोर एटीसी के शिविर में जनता कॉलेज ने सर्वश्रेष्ठ कॉलेज का अवार्ड जीता। सबसे अधिक 13 मेडल भी कैडेटों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते। नौ स्वर्ण पदक तीन रजत व एक कांस्य पदक के साथ सबसे अधिक मेडल जीते।

शिविर में एनसीसी की 4 बटालियन के कानपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध इटावा, औरैया जिलों के 12 महाविद्यालयों की एनसीसी टीमों के 512 कैडेटों ने भाग लिया था। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने पदक जीतने वाले सभी कैडेट को पुरस्कृत किया।

पांच से 14 अक्तूबर तक चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा में हुए एटीसी 16 एनसीसी कैंप में जनता कॉलेज के कैडेट्स ने 13 पदक के साथ बेस्ट कॉलेज होने का अवार्ड जीता I अंडर ऑफिसर अमित शुक्ला ने ड्रिल और फायरिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कैडेट अंकित यादव ने प्रश्नोत्तरी में गोल्ड और मैप रीडिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

कैडेट दिव्यांशु ने मैप रीडिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गर्ल्स कैडेट आकृति यादव ने मैप रीडिंग में कांस्य पदक हासिल किया। कैडेट रुचि ऋषिश्वर ने सीएचएम का गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कैडेट रोशनी ने गॉड ऑफ ऑनर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कैडेट आकांक्षा ने डीएसटी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

कैडेट सौम्या ने फायरिंग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कैडेट रूपाली ने डीएसटी में कांस्य मेडल प्राप्त किया एवं सीनियर अंडर ऑफिसर पलक तोमर ने मैप रीडिंग और बीएचएम का गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सीनियर अंडर ऑफिसर आकाश एवं पलक तोमर ने कमांडिंग ऑफिसर एसपी सिंह और एसएम साहेब सिंह के हाथों से सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की ट्रॉफी को प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी और कृषि संकाय के डीन डॉ. एके पांडेय ने कैडेट्स की इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।



एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते 4 सी बटालियन के अधिकारी। संवाद

कॉलेज में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने कैडेट्स की इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कॉलेज की तरफ से उन्होंने कमांडिंग ऑफिसर एसपी सिंह, एस एम साहेब सिंह और समस्त बटालियन के स्टाफ को कैडेट्स को उच्च स्तर को प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद दिया।

# खाद्य पदार्थ व मशरूम की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

चकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत चौथे दिन विभिन्न विभागों से आए प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लेने आईं महिलाओं में जागरूकता पैदा करने के साथ ज्ञान में वृद्धि की।

प्रथम सत्र में डॉ.आदित्य कुमार ने महिलाओं को खाद्य/फूड के बारे में बताया कि स्वस्थ रहने के लिए मनुष्य को अच्छा भोजन लेने के लिए कैल्शियम, प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट एवं मिनरल इन सभी की आवश्यकता होती है। कहा कि हमें प्रोटीनयुक्त भोजन करना चाहिए जिसमें प्रमुख रूप से मूंगफली के दाने, सोयाबीन तथा हरी सलाद भी खाना खाते समय प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को खून की कमी एवं उसके समाधान की जानकारी दी।

डॉ.प्रकाश दुबे ने भारतीय ज्ञान परम्परा पर आध्यात्मिक ज्ञान, वेद-शास्त्रों के बारे बताया कि भगवान सब जगह व्याप्त/सर्वाकार है। हमें इस पर विश्वास रखकर प्रत्येक कार्य करना चाहिए, तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। आदिकाल से लोग देवी-देवताओं और धर्मशास्त्रों पर विश्वास करते आए हैं। हम लोगों को वेद-शास्त्र का ज्ञान होना जरूरी है। शैलेंद्र कुमार गौतम ने मशरूम के उत्पादन के बारे में बताते हुए कहा कि मशरूम का उत्पादन हम अपने घर में भी कर सकते हैं और इसमें कोई ज्यादा जगह की आवश्यकता नहीं होती है। जो भूसा होता है उसमें मशरूम का बीज डालकर मशरूम उगाया जा सकता है। मशरूम के सेवन से कैंसर, हार्ट अटैक, प्राण घातक बीमारियों से बच सकते हैं। मशरूम खाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और इसका उत्पादन करके भी अच्छा लाभ कमाया जा सकता है। मशरूम में दो प्रकार की प्रजातियों के मशरूम होते हैं बटन मशरूम और मिल्की मशरूम। इसमें प्रोटीन ज्यादा और लागत कम लगती है तथा मुनाफा ज्यादा कमाया जाता है।

कार्यक्रम में वंदना मिश्रा, मोहिनी तिवारी, नीलम पाल, स्तुति कुमारी, निधि तिवारी, संध्या सक्सेना, रूबी यादव एवं प्रबल गुप्ता, संदीप दुबे, सीतू राजपूत रहे।




सलवार सूट्स • साड़ी • कुर्ता • कुर्ता सेट्स • ड्रेस मैटेरियल्स • ट्यूनिक्स • कफ्तान

रुद्रांश ज्वैलर्स
H.U.I.D. हॉलमार्क ज्वैलरी शोरूम
(आज का भाव)
24K - ₹ 60,690
22K - ₹ 57,520
20K - ₹ 52,450
18K - ₹ 47,730
Silver - ₹ 72,000
Rate Excluding GST
पक्के बिल का विश्वास लिखित गारंटी के साथ
रामगंज रोड, सैदवाड़ा-इटावा
Mo. 9650199999, 8394812345

GREAVES ELECTRIC MOBILITY

# शैक्षिक भ्रमण पर गए छात्रों की जिज्ञासा की गई शांत

बकेवर। जनता कॉलेज में जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं ने विषयों की जानकारी के लिए शैक्षिक भ्रमण किया।

लखनऊ स्थित एनबीआरआई बोटैनिकल गार्डन और नवाब वाजिद अली शाह जूलॉजिकल गार्डन का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ललित गुप्ता के निर्देशन में छात्र-छात्राएं बस से लखनऊ गए। वहां एनबीआरआई के डॉ. प्रसाद ने कंजरवेटरी, सायकस गार्डन, ब्रायोफाइट गार्डन, टेरिडोफाइट गार्डन का अवलोकन करवाया। बोनसाई गार्डन पहुंचकर विभिन्न प्रकार के बोनसाई देखे और उन्हें बनाने का तरीका भी जाना।

जूलॉजिकल गार्डन में एशियाई शेर, चीता, भालू, लोमड़ी, जिराफ, मगर,घड़ियाल, विभिन्न प्रकार के पक्षी, मछलियां और सर्पों का अवलोकन किया। तितली पार्क और स्नेक पार्क में छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि से जानकारी प्राप्त की। प्रो. ईरम सलीम, डॉ. शैली यादव, रमेश चंद्र और रितेश का योगदान रहा। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य डॉ. आरके त्रिपाठी एवं डॉ. एके पांडेय ने प्रसन्नता व्यक्त की। (संवाद)

# जनता कॉलेज में स्वास्थ्य परामर्श शिविर कल

बकेवर। जनता कॉलेज के संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंदस्वरूप मिश्र जयंती समारोह- 2023 के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन मेदांता द मेडिसिटी हॉस्पिटल गुरुग्राम एवं पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर की पूर्व छात्र समिति के संयोजन में सुबह दस बजे से मल्टी स्पेशलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर की शुरुआत होगी। दूसरे दिन 28 अक्तूबर को छात्रों को पदक एवं पारितोषिक वितरण समारोह होगा। इसमें छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया के उपस्थित रहेंगे। संवाद

# जनता कॉलेज उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान

## कॉलेज में हुए कार्यक्रम में सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने गिनाईं विद्यालय की उपलब्धियां

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता आनंद स्वरूप मिश्र जन्म जयंती समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि जनता कॉलेज उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान है।

मुख्य अतिथि सांसद प्रो. (डॉ.) रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इस विद्यालय का नाम देश भर में है। यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी शामिल रहे। कहा कि स्व.आनंद स्वरूप मिश्र के तेजस्वी व्यक्तित्व की छाप जनता कॉलेज के कण-कण में विद्यमान है। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

कमला मिश्रा धर्मपत्नी संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र का अभिनंदन सांसद प्रो. कठेरिया ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया। संवाद

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज दिलीप कुमार गुप्ता ने जनता कॉलेज बकेवर को हजारों पूर्व और वर्तमान छात्राओं वाला आदर्श परिवार बताया। शिक्षण संस्थान की भारतीय परंपरा में विद्यार्थी और विद्यालय की प्रामाणिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा में संस्कार और नैतिकता सम्मिलित हो जाए तो शिक्षा का दिशा में परिवर्तन हो जाता है।

विशिष्ट डॉ. कुश चतुर्वेदी ने कहा कि जनता कॉलेज बकेवर को क्षेत्र का गुणवत्तायुक्त शैक्षिक मानकों से परिपूर्ण संस्थान बताया। पूर्व प्राचार्य कर्म क्षेत्र महाविद्यालय डॉ. विद्याकांत तिवारी ने आनंद स्वरूप मिश्र की सूझ-बूझ उपस्थिति और तेजस्वी व्यक्तित्व की छाप को कॉलेज की ईंट-ईंट में, छात्रों की उपलब्धियों में, शिक्षकों के समर्पण में बताया। उन्होंने संस्थापक सेक्रेटरी को अपने समय का गांधी बताया।

अंबेडकर विश्वविद्यालय महू भोपाल मध्यप्रदेश की पूर्व कुलपति प्रो. आशा शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कॉलेज की दीर्घकालीन प्रगति यात्रा को बाजार व्यवस्था के आडंबर से दूर समाज और देश भर के समर्पित छात्रों के परिश्रम का पर्याय बताया। कार्यक्रम का संचालन कृषि डीन डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने किया। संयोजक डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सिंगापुर का बिछिया काफी पसंद गहने को पहली पसंद बनाया है। भीड़ रही है। महिलाओं ने हल्का बुधवार के लिए भी पहले से बड़ी बुकिंग है। हाईकोर्ट ने पुलिस से अभी तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की तक की कार्रवाई और डीएनएन रिपोर्ट जांच के बारे में अवगत

# पटेल जयंती पर रन फार यूनिटी में शिक्षक, बच्चे सभी दौड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

जसवंतनगर। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मंगलवार को राष्ट्रीय एकता व अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई। एसपीएस ग्लोबल स्कूल जसवंतनगर के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से प्रभात फेरी निकाल कर क्षेत्र में एकता का संदेश दिया।

इसके बाद विद्यालय में बच्चों के बीच चित्रांकन, व निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष यादव व प्रधानाचार्य लिगी फ्रांसिस ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।



एसपीएस ग्लोबल स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रभात

भरथना प्रतिनिधि के अनुसार, सरदार बल्लभ पटेल की जयंती पर लॉयंस क्लब भरथना राधे राधे ने वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे महिला पुरुष संवासियो को चेकअप कर दवाएं वितरित की गई। क्लब पदाधिकारियो ने बुजुर्गों को फल भेंट किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सीएचसी अधीक्षक अमित दीक्षित की देखरेख में डॉ सुधांशु तोमर, डॉ राजेश कुमार, प्रभात कुमार, भूपेंद्र कुमार आदि स्वास्थ्य टीम द्वारा 39 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 18 वृद्ध जनों की शुगर जांच एवं 20 वृद्धजनो की आंखों की जांच की गई और निशुल्क दवा वितरण की गई।

इस दौरान लायन एमजेएफ डॉ प्रदीप चंद्र पांडे, लायन सी के शुक्ला, लायन सुबोध दीक्षित एडवोकेट, लॉयन भानु प्रताप वर्मा, अध्यक्ष लॉयन नवीन पोरवाल, सचिव लॉयन सुरेश शारदा, कोषाध्यक्ष लायन कुलदीप त्रिपाठी व लायन सुशांत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला के नेतृत्व में कोतवाली कार्यालय से एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ के दौरान पुलिस कर्मियों ने कोतवाली से प्रमुख मार्गों समेत बाजार क्षेत्र में भी दौड़ लगाई। इस दौरान सीओ ने ऑटो आदि वाहनों को निर्धारित यात्रियों संख्या बैठाने की हिदायत दी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम नरेंद्र कुमार मिश्रा, एसआई सुरेश कुमार मौजूद रहे।

बकेवर प्रतिनिधि के अनुसार, जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं के साथ प्राध्यापक भी रन फ़ॉर यूनिटी के लिए दौड़े। कॉलेज में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री, भारत रत्न स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। मुख्य वक्ता डा एमपी सिंह यादव रहे।

रन फॉर यूनिटी को अध्यक्षता कर रहे डॉ अशोक कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में डॉ पी के राजपूत, डॉ डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ गोपीनाथ मौर्य डॉ सत्यार्थ मौर्य, अजीत अग्निहोत्री, मनोज दीक्षित, राजकुमार वर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 98 स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

ताखा प्रतिनिधि के अनुसार, विकासखंड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती उपलक्ष्य राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इसके अन्तर्गत रन फॉर यूनिटी और ढोल, नगाड़ों, तिरंगा झंडों और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लेकर विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने गांव में भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी निकाली। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का परिचय दिया। बच्चों ने और शिक्षकों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रामजी शर्मा, आदर्श कुमार, श्यामानन्द और समस्त रसोईया राजाबेटी, रेशमा देवी तथा मलखान सिंह उपस्थित रहे।

सैफई। जनता ज्ञान विकास जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य रैली निकाली। विद्यालय के प्रधानाचार्य नेम्स राज भदौरिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से चलकर पूरे वैदपुरा बाजार में भ्रमण किया जिसमें बच्चे नारे लगा रहे थे। वैदपुरा चौराहे पर कक्षा 8 की बच्ची ने राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझाया और सरदार पटेल अमर रहे के नारे का सभी बच्चों ने एक साथ जयघोष किया। बाद में सभी बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देश की अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नैमिष राज भदौरिया, पृथ्वीराज सिंह चौहान, विजयपाल सिंह, दुर्गेश बाबू एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। रैली में क्षेत्र की गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया।

## पुलिस ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली, मार्च पास्ट किया

इटावा। सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजयकुमार वर्मा के नेतृत्व में सुबह पुलिस कर्मचारियों राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा रन फार यूनिटी के तहत दौड़ लगाई। शाम को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने हेतु इटावा पुलिस ने मार्च पास्ट किया । पुलिस लाइन से मुख्य मार्गों पर मार्च पास्ट किया । मार्च पास्ट का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि राष्ट्रीय एकता से ही विकास व परस्पर सामंजस्य सम्भव है । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर इटावा अमित कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

सेहत

युवाओं व बुजुर्गों में बढ़ रही हृदयाघात की समस्या

सेंट मेरी की आन्या ने फिर

जनता कॉलेज बकेवर के कृषि छात्रों को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में प्रशिक्षण दिया गया

# व्यावसायिक व कृषि संबंधी प्रशिक्षण दिया

संवाद न्यूज एजेंसी



जनता कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में छात्रों को संबोधित करते शिक्षक। संवाद

बकेवर। जनता कॉलेज के बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कॉलेज के संगोष्ठी कक्ष एवं क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के ऑडिटोरियम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने कृषि विषयक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया। संस्थान के आचार्य डॉ. सुरेशचंद्र राजपूत ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में व्यावसायिक जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों पर आधारित न रहकर स्वरोजगार की तरफ जाना होगा और अपने रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनना होगा। बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए सरकारी नौकरियां पर्याप्त नहीं है। ब्रम्हा एग्री इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भारद्वाज ने फसलों में जैविक उत्पादों के प्रयोग एवं जैव उर्वरकों के विपणन संबंधी जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्य आवंटित किया।

क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने एनआरएलएम योजना एवं पोषण वाटिका, न्यूट्री गार्डन के संबंध में जानकारी दी। कहा कि बिना किसी रसायन के जैव रसायनों एवं खाद, जैव कीटनाशक एवं जैव फफूंदी नाशक का प्रयोग कर सब्जी व अपने उपयोगी फसलों को उगाना चाहिए। इससे वह परिवार स्वस्थ रह सके।

प्रशिक्षक आरआईआरडी शरद कुमार कुशवाहा ने ग्राम पंचायत की विभिन्न योजनाओं एवं ग्राम विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रत्येक नागरिक को छत देने की योजना है। इसमें वह सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सके। स्वच्छता अभियान विभिन्न बीमारियों से बचाने का अभियान है। मनरेगा योजना जिसमें 100 दिन का अधिकतम कार्य मांग के आधार पर मिलता है। इसमें प्रतिदिन 230 रुपये कार्य करने पर डीबीटी के तहत उसके खाते में जाते हैं।

गोष्ठी एवं प्रशिक्षण के प्रभारी डॉ एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को रबी सीजन की अधिक उत्पादन करने वाली तकनीकी को विस्तृत में बताते हुए कहा कि जो आपको कॉलेज में वैज्ञानिक जानकारी दी जा रही है। उसे आप कृषकों तक पहुंचाए। इससे क्षेत्रीय किसान लाभान्वित हो सकें। संयोजक डॉ. पीके राजपूत ने आचार्य डॉ. एसके राजपूत एवं प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव एवं सभी प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पशुओं को चारे के साथ खड़िया व नमक भी दें

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। पशुओं को रोगों से बचाने के लिए कैल्शियम (खड़िया) व सोडियम (नमक) का प्रयोग चारे के साथ कराना चाहिए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम में यह बात कही।

पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ.अनिल वीर सिंह चौहान ने खुरपका-मुंह पका एवं गला घोंटू आदि रोगों के बचाव एवं निदान, सहायक कृषि विकास अधिकारी दिलीप कुमार ने विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बताया कि रबी फसलों के बीजों जैसे गेहूं, जौ का 50 प्रतिशत छूट पर उन्नतशील प्रजातियों का बीज कृषि विभाग के जरिए उपलब्ध कराया जाता है।



जनता कॉलेज बकेवर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। संवाद

कृषि यंत्रीकरण, एग्री जंक्शन, किसान सम्मान निधि, पीएम प्रणाम योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आत्मा योजना के अंतर्गत किसान भ्रमण कार्यक्रम, एनएफएसएम योजना, पराली प्रबंधन, जैविक खेती एवं

## जनता कॉलेज में हुआ ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम

पीएम फसल बीमा योजना के बारे में बताया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक मदन सिंह ने किसान क्रेडिट कार्ड एवं एजुकेशन लोन के साथ-साथ खाते की महत्ता के बारे में जानकारी दी। डॉ.डीएन सिंह ने फसल सुरक्षा और कीट प्रबंधन पर अपने विचारों को साझा किया। डॉ. संजीव ने उद्यानिकी के लाभ एवं नर्सरी प्रबंधन के बारे में बताया कि किसानों की आय बढ़ोतरी के लिए उद्यानिकी फसलों का उगाना एवं पौध का बेचना लाभकारी होता है।

# मॉडल से जल संरक्षण का महत्व बताया

# भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर कराई निबंध प्रतियोगिता

बकेवर। भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्तमान में महत्व विषय पर जनता कॉलेज बकेवर में सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति के सदस्यों की उपस्थिति में कॉलेज के संगोष्ठी सभागार में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने निबंध के विषय भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्तमान में महत्व को व्यापक और प्रासंगिक बताते हुए प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं व्यक्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र, निबंध प्रतियोगिता संयोजक डॉ. ज्योति भदौरिया, सहसंयोजक अश्वनी कुमार मिश्र आदि प्राध्यापकों की देखरेख में हुई।

मूल्यांकन समिति के प्राध्यापक डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. नवीन अवस्थी एवं डॉ. गोपीनाथ मौर्या के निर्देशन में वर्षा, सुजाता, रक्षा पोरवाल, कपिल सिंह, संध्या चौहान आदि ने व्यवस्था संभाली। (संवाद)

# भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्तमान में महत्व पर लिखा निबंध

## जनता कॉलेज में सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति ने कराया प्रतियोगिता का आयोजन

बकेवर। भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्तमान में महत्व विषय पर जनता कॉलेज बकेवर में सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति की ओर से निबंध प्रतियोगिता कराई गई। इसमें बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने निबंध के विषय भारतीय ज्ञान परंपरा का वर्तमान में महत्व को व्यापक और प्रासंगिक बताते हुए प्रतिभागी छात्र- छात्राओं ने निबंध लिखा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र, निबंध प्रतियोगिता संयोजक डॉ. ज्योति भदौरिया, सह संयोजक अश्वनी कुमार मिश्र आदि प्राध्यापकों की देखरेख में कराई गई। मूल्यांकन समिति के प्राध्यापक सदस्यों डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. नवीन अवस्थी एवं डॉ. गोपीनाथ मौर्या के निर्देशन में वर्षा, सुजाता, रक्षा पोरवाल, कपिल सिंह ,संध्या चौहान, कोमल, आशीष कुमार, पलक गोयल आदि स्नातक के सहभागी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। (संवाद)

शिविर

जनता कॉलेज में शुरू हुआ तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण

# चिकित्सा, गांठ व टेंट लगाने के सीखे गुर

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्काउट ध्वज का ध्वजारोहण कर किया। फिर स्काउट गाइडों को चिकित्सा, बंधन, गांठ, टेंट लगाने के गुर सिखाए गए।

स्काउट गाइडों ने स्काउट प्रार्थना और स्वागत गीत गाया। स्काउट टोली के प्रभारी छात्र अर्जुन शर्मा ने ध्वज को सलामी दी। प्रशिक्षक स्काउट अच्युत त्रिपाठी एवं गाइड शिक्षक स्वीटी मथुरिया ने छात्र-छात्राओं को रोवर्स-रेंजर्स की प्रथम चरण के प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की। स्वीटी मथुरिया ने स्काउटिंग के इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा बाया हाथ मिलाना, सेवाकर स्काउट चिह्न के बारे में बताया।



रोवर्स रेंजर टीम को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक । संवाद

कार्यक्रम में 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार की गांठें, बंधन, टेंट पिचिंग," संकेत, अनुमान लगाना, सीपीआर, कलर पार्टी, मार्च पास्ट, ध्वज शिष्टाचार गैजेट्स के विषय में जानकारी दी । कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ज्योति भदौरिया ने आभार जताया। कृषि के डीन डॉ. एके पांडेय, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. इंदुबाला मिश्रा, डॉ. नवीन अवस्थी, मीनू त्रिपाठी, एनसीसी लेफ्टीनेंट ब्रह्मानंद मौजूद रहे।

का प्रस्ताव पेश किया जिसे ध्वनिमत … यादव ने संबोधित किया। (संवाद)

# विश्व के सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ थे रामानुजन : डॉ. राकेश

## जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित हुई संगोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** संख्या के जादूगर, मौलिक तर्कशक्ति वाले गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन विश्व के श्रेष्ठतम गणितज्ञ थे। यह बात कॉलेज के जनता कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कॉलेज के सभागार में विश्व के श्रेष्ठतम गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म सप्ताह के तहत राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में कही। उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन 24 दिसंबर को होगा।

विज्ञान संकाय डीन व गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नलिनी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को श्रीनिवास रामानुजन के जीवन परिचय के बारे में बताया। बताया कि उन्होंने अपने 32 वर्ष के छोटे से जीवन में गणित के 3900 सिद्धांत बनाए। ब्रिटेन के महान गणितज्ञ प्रो. जीएच हार्डी ने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को नेचुरल जीनियस का खिताब दिया था।

22 दिसंबर 1887 को जन्मे श्रीनिवास रामानुजन की मृत्यु 32 वर्ष की उम्र में 26 अप्रैल 1920 को हो गई थी। गोष्ठी में संयोजक गणित की प्राध्यापिका डॉ. इंदु बाला मिश्रा, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ. महेश प्रसाद यादव, डॉ. प्रमोद कुमार राजपूत, डॉ.एमपी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ.दिव्य ज्योति मिश्र, डॉ. योगेश शुक्ला के अलावा छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। संचालन अश्वनी कुमार मिश्र ने किया।

# 'नवाचार को बढ़ाने के लिए सरकार कर ही सहायता'

- विज्ञान के आयामों पर राष्ट्रीय सेमिनार में बोले डीन प्रो. दीपेंद्र
- तकनीकी सत्र में कई कालेजों के प्रोफेसरों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए




[illegible]

# चर्चा से निकाला जा सकता किसी भी समस्या का समाधान: प्रो. दीपेंद्र



सेमिनार में संबोधित करते प्रो. सीखेम थापा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। किसी भी समस्या का समाधान सिर्फ उस पर चर्चा से ही निकाला जा सकता है। कहा कि सेमिनार में 108 शोध पत्रों पर चर्चा होगी। सेमिनार से युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलेगा।

यह बात जनता कॉलेज में करेंट ट्रेंड्स एंड फ्रंटियर एडवांसेस इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीटीएफएएसटी-2023) शीर्षक पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि राजकीय अभियंत्रिकी कॉलेज मैनपुरी के डीन प्रो. दीपेंद्र सिंह ने कही।

सेमिनार का शुभारंभ कॉलेज की छात्राओं के स्वागत गीत से हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि देश में जन्मे महान गुरु चरक आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, चाणक्य, नागार्जुन, गौतम पिंगला ने जो शिक्षा व्यवस्था प्रस्तुत की वह आज तक देखने को नहीं मिली। उस समय शिक्षा संस्कार पूर्ण हुआ करती थी जो हमेशा मानव कल्याण की बात करती थी। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था को हमारे विश्व गुरु के सपने को एक ग्रहण सा लग गया है।

प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि पहले गुरुकुल व्यवस्था थी। गुरु एवं शिष्य का संबंध दृढ़ होता था। लेकिन आज के समय में शिक्षा व्यवस्था बस जॉब ओरिएंटेड रह गई है। सेमिनार के की-नोट स्पीकर बाबा भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो. सीखेम थापा ने कहा कि विज्ञान और तकनीकी में हम विश्व गुरु हैं। विज्ञान के सिद्धांत को समझना और उसको प्रतिस्थापित करना तकनीकी होता है।

चंद्रशेखर आजाद अभियांत्रिकी महाविद्यालय इटावा के डीन डॉ. एनके शर्मा ने छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पदार्थ विज्ञान की भूमिका वर्तमान में सस्ते और टिकाऊ उत्पादों को बनाने में प्रासंगिक है, विज्ञान के इस युग में वही छात्र सफल होगा जो अपने क्षेत्र विशेष में तकनीकी रूप से सिद्धहस्त होगा। सेमिनार के कन्वीनर डॉ. प्रकाश दुबे ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. ललित गुप्ता मौजूद रहे।

## सेमिनार में प्रस्तुत किए कई शोध

बकेवर। सेमिनार में कानपुर विश्वविद्यालय से आए डॉ. प्रबल प्रताप सिंह ने अपने शोध पत्र में ग्रिफिन आधारित हाइपरबालिक मैटा थेरेपी पर उपयोग के गुण बताते हुए कहा कि इसका उपयोग मानव शरीर में रक्त अवरोध को सुचारू करने तथा सिकाई में होता है। सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर श्याम बाबू मिश्रा ने अपने शोध पत्र में चंबल सेंचुरी की जैव विविधता पर प्रकाश डाला। पीपीएन महाविद्यालय कानपुर के एसोसिएट प्रो. सतीश चंद्र ने आदित्य एल वन मिशन की प्रासंगिकता पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। कानपुर विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. [illegible] ने शोध पत्र में सिल्वर नैनो पार्टिकल ड्रग डिलीवरी [illegible] संचालन डॉ. ज्योति भदौरिया ने किया। (संवाद)



पोस्टर प्रतियोगिता का निरीक्षण करते आयोजक। संवाद

# पोस्टर प्रतियोगिता में सिमरन व शिप्रा ने मारी बाजी

**बकेवर।** जनता कॉलेज में आयोजित विज्ञान गोष्ठी के पहले दिन तकनीकी सत्र में भौतिकी विज्ञान की थीम पर बने पोस्टरों का प्रदर्शन हुआ। एमएससी भौतिकी विज्ञान प्रथम वर्ष की सिमरन भदौरिया ने पहला स्थान, विशाल व लक्ष्मी ने दूसरा स्थान और अनम सिद्दीकी व शैलजा पाल ने तीसरा स्थान पाया। जीव विज्ञान के पोस्टर तकनीकी सत्र में एमएससी फाइनल की शिप्रा शाक्य ने पहला, पियल ने दूसरा और प्रज्ज्वल व वैष्णवी को तीसरा स्थान मिला। निर्णायक मंडल में सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, एमएमएस कॉलेज गाजियाबाद की प्रोफेसर डॉ. सीमा कोहली एवं ताखा कॉलेज से आई असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभा श्रीवास्तव ने पोस्टरों का अवलोकन किया। सत्र के अंत में सेमिनार के कन्वीनर डॉ. प्रकाश दुबे व सेक्रेटरी डॉ. ललित गुप्ता ने आभार जताया। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. एके पांडेय, कंवीनर कमेटी की सह सेक्रेटरी डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. इंदुबाला मिश्रा, डॉ. डीएन सिंह डॉ. नवीन व डॉ. मनोज यादव मौजूद रहे। (संवाद)

# सुशासन की परिभाषा भारत की देनः डॉ. मनोज

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज में सेमिनार के अंतिम दिन कई जनपदों से आए वैज्ञानिकों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। इसे दौरान सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के डॉ. मनोज त्रिपाठी ने अपने शोध पत्र में सुशासन की मूल परिभाषा को भारत की देन बताया।राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज आंबेडकरनगर से पहुंचे प्रो.विशाल चंदेल, राकेश वर्मा एवं डॉ. मनीषी गुप्ता ने भी विचार रखे।

एमएमएस कॉलेज गाजियाबाद से आई डॉ. सीमा कोहली ने अपने

## जनता कॉलेज में विज्ञान सेमिनार का हुआ समापन

शोध पत्र में प्राचीन भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा की वर्तमान में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबेडकरनगर के अतिथि वक्ता डॉ. देवेंद्र प्रताप मिश्रा ने भारतीय औषधियुक्त पौधों से अस्थियों के क्षरण (ऑस्टियोपोरोसिस ) को बचाने से संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किया।

पीपीएन कॉलेज कानपुर के एसोसिएट प्रो. सतीश चंद्र ने आदित्य एल वन" मिशन की प्रासंगिकता से संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किए। एसएस मेमोरियल महाविद्यालय ताखा की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभा श्रीवास्तव ने सेमिनार में प्रोबायोटिक के बारे में शोध प्रस्तुत किया।

संगोष्ठी संयोजक डॉ. प्रकाश दुबे ने अपने शोध पत्र में भारतीय दर्शन ,वेदों और उपनिषदों के श्लोक व सूत्रों को विज्ञान और तकनीकी की सभी शाखाओं का मूल-आधार बताया। शोध प्रस्तुत करने वाले वैज्ञानिकों को प्रतीक चिन्ह अधिष्ठाता विज्ञान संकाय डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. ज्योति भदोरिया आदि रहे।

## चार चरणों में होगी परीक्षा, 800 से अधिक बच्चे ले रहे योजना का लाभ

# नई तकनीक के ज्ञान का प्लेटफॉर्म होता है सेमिनार: डॉ. रिपुदमन

## जनता कॉलेज, बकेवर के दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। कॉलेज में होने वाले सेमिनार से प्राध्यापक एवं छात्रों को नया तकनीकी ज्ञान मिलता है। यह नई तकनीक ज्ञान का प्लेटफॉर्म होता है। छात्र-छात्राओं के लिए क्लास में शिक्षण के अतिरिक्त सेमिनार बहुत महत्वपूर्ण है। यह बात जनता कॉलेज, बकेवर में आयोजित दो दिवसीय साइंस के राष्ट्रीय सेमिनार के समापन पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर डॉ. रिपुदमन सिंह ने कही।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर डॉ. रिपुदमन सिंह, प्राचार्य जनता महाविद्यालय अजीतमल डॉ. एके शर्मा, विशिष्ठ अतिथि प्राचार्य वीजीएम डिग्री कॉलेज दिबियापुर डॉ. इकरार अहमद, कॉलेज के प्रबंध समिति के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्रा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, ऑर्गनाइजिंग कन्वीनर डॉ. प्रकाश दुबे, ऑर्गनाइजेशन सेक्रेटरी डॉ. ललित गुप्ता आदि ने दीप जलाकर किया।



सेमिनार में मौजूद क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. रिपुदमन सिंह, प्रतिभाग करने आए वैज्ञानिक एवं छात्र छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि। संवाद

विशिष्ट अतिथि जनता महाविद्यालय अजीतमल के प्राचार्य प्रो. एके शर्मा ने कहा कि आदर्श की बातें करना जितना आसान है। उतना ही उसको आत्मसात करना कठिन है। वीजीएम कालेज दिबियापुर के प्राचार्य प्रो. इकरार अहमद ने कहा कि नेशनल सेमिनार में श्रोता महत्वपूर्ण होता है। श्रोता के लिए संस्कृत के श्लोक के माध्यम से परिभाषित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने नेशनल सेमिनार में 108 शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले सभी डेलिगेट्स की सराहना की। नेशनल सेमिनार की दोनों दिवसों की आख्या को-कंवीनर डॉ नवीन अवस्थी ने प्रस्तुत की।

सेमिनार के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ ललित गुप्ता ने सभी विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। अंत में कॉलेज प्रबंधन समिति के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्रा व गणित विभाग की डॉ. इंदु बाला मिश्रा ने सभी अतिथियों व डेलिगेट्स का आभार जताया। संचालन डॉ ज्योति भदोरिया ने किया।

इस दौरान डॉ. एके पांडेय, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. एमपी यादव, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अनिरुद्ध सत्यार्थ, डॉ. गोपीनाथ मौर्य, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. संजय विश्वकर्मा, लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, अजित अग्निहोत्री, कुलदीप अवस्थी, अश्वनी मिश्रा, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

शिविर में 176

# पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम रहीं सिमरन और शिप्रा

**संसू, बकेवर :** जनता कालेज के संगोष्ठी सभागार में करेंट ट्रेंड्स एंड फ्रंटियर एडवांसेस इन साइंस एंड टेक्नोलाजी (सीटीएफएएसटी-2023) शीर्षक पर आधारित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार के दूसरे दिन के प्रथम तकनीकी सत्र में पोस्टर प्रेजेंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। भौतिक विज्ञान की थीम पर पोस्टर प्रेजेंटेशन में सिमरन भदौरिया प्रथम, विशाल और लक्ष्मी द्वितीय एवं अनम सिद्दीकी और शैलजा पाल तृतीय स्थान पर रहीं। जीवन विज्ञान के पोस्टर तकनीकी सत्र में शिप्रा शाक्य प्रथम, पियल द्वितीय एवं प्रज्ज्वल और वैष्णवी तृतीय रहीं।

वहीं, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अंबेडकर नगर से डा. देवेंद्र प्रताप मिश्रा ने भारतीय औषधियुक्त पौधों द्वारा अस्थियों के क्षरण (आस्टियोपोरोसिस) को बचाने से संबंधित शोध पत्र, रामस्वरूप मेमोरियल इंजीनियरिंग कालेज लखनऊ से डा. उपेंद्र कुमार मिश्रा ने डीजल वाहनों से संबंधित धुएं और गैसों को डाप्ड सीरियम आक्साइड नैनो पार्टिकल से संबंधित शोध पत्र, सीएसए कृषि एवं अभियांत्रिकी कृषि महाविद्यालय से आए डीन कृषि डा. एनके शर्मा ने आप्टिकल फाइबर तकनीक से संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किया।